हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]



खबर संक्षेप

एनडीपीएस का संदेही थाने से भागा, दो आरक्षक निलंबित

बिलासपुर। बीती रात चकरभाठा थाने में मुजरिम सुरक्षा में तैनात सिपाही खर्राटे मारकर सोते रहे और एनडीपीएस मामले का संदेही थाने से भाग गया। एसएसपी ने सुरक्षा में तैनात दोनों आरक्षकों को निलंबित कर दिया है। 28 अक्टूबर को एसीसीयू टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर से प्रतिबंधित टेबलेट बेचने की फिराक में घूम रहे तीन युवकों को पकड़कर कार्रवाई के लिए चकरभाठा थाने के सुपुर्द कर लौट गए। रात में चकरभाठा थाने में आरक्षक भागवत चंद्राकर, गोर्वधन शर्मा की मुजरिम सुरक्षा ड्यूटी लगाई गई थी। देर रात दोनों आरक्षक ड्यूटी में लापरवाही बरतते हुए खर्राटे मारकर सो गए। इसी दौरान एक संदेही मौके का फायदा उठाकर थाने से भाग गया। नींद खुलने पर आरक्षकों के होश उड़ गए। आसपास क्षेत्र में पतासाजी की गई, किन्तु संदेही का पता नहीं चल पाया। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया, ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले दोनों आरक्षकों को निलंबित कर दिया गया है।

फिर छलावा: अलायंस एयर की साइट पर बुकिंग बंद

कोलकाता फ्लाइट रद्द, विंटर शेड्यूल के 4 दिन बाद ही लगा दिया ब्रेक

बिलासपुर। अलायंस एयर द्वारा बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से कोलकाता फ्लाइट का दूसरा फेरा रद्द कर दिया गया है। 25 अक्टूबर से शुरू हुए विंटर शेड्यूल के तहत कोलकाता की फ्लाइट दी गई है। शुक्रवार के लिए 42 यात्रियों की बुकिंग भी कैंसिल हो चुकी है। खास बात यह है कि अलायंस एयर ने साइट से बुकिंग की सुविधा ही हटा दी है। ऐसे में एक बार फिर बिलासा देवी एयरपोर्ट से कोलकाता की फ्लाइट पर ब्रेक लगा दिया गया है।

बिलासपुर के यात्रियों के साथ छलावा जारी है। विंटर शेड्यूल के तहत बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से पुनः शुरू की गई कोलकाता की फ्लाइट रद्द हो चुकी है। बिलासपुर -कोलकाता सीधी उड़ान को बंद करने के निर्देश

दूसरे फेरे के 42 यात्रियों की टिकट कैंसिल



छत्तीसगढ़ सरकार ने एलाइंस एयर एयरलाइंस को दे दिए हैं। रविवार की उड़ान में 36 यात्रियों ने कोलकाता का सफर तय किया था, जिसकी दूसरी उड़ान शुक्रवार को तय थी, लेकिन इससे पहले ही बुकिंग के 42 यात्रियों का टिकट कैंसिल कर रूपए वापस कर दिया गया है। खास बात यह है कि यह फ्लाइट हफ्ते में शुक्रवार और रविवार को चलाई जा रही है, लेकिन बिना किसी ठोस वजह के फ्लाइट को बंद करना लोगों के गले नहीं उतर रहा है।

विधायकों से मांग हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने शहर के विधायक और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री से इस विषय पर चर्चा की गई है और उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विधायक अमर अग्रवाल,धरमलाल कौशिक से संपर्क कर फैसले को बदलवाने और कोलकाता की फ्लाइट शुरू करने की मांग की है। समिति मामले को लेकर विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया सहित केंद्रीय राज्य मंत्री टोकन साहू से मांग करेगी।

समिति का आरोप रायपुर लॉबी हावी

हवाई सेवा संघर्ष समिति ने हाल ही में विकसित एयरपोर्ट और महानगरों तक हवाई सेवा को लेकर उल्टा मार्च निकाला था, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए थे, लेकिन इसके दो दिन बाद ही छत्तीसगढ़ सरकार ने कोलकाता की फ्लाइट पर ब्रेक लगाया है। समिति का आरोप है कि रायपुर लॉबी के दबाव में बिलासपुर के साथ अन्याय किया जा रहा है। 2 साल से लगातार बिलासपुर-कोलकाता फ्लाइट चल रही है, जिसे अप्रैल माह में वाया अंबिकापुर चलाया गया, अलायंस एयर ने समय में बदलाव किया और सुबह से दोपहर में फ्लाइट चलाई गई। यही कारण है कि यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट देखी गई और एयरलाइन्स कंपनी ने 2 महीने तक फ्लाइट का परिचालन बंद कर दिया था।

जेल से रिहाई की रील बनाकर वायरल करने वाले दो युवक गिरफ्तार



बिलासपुर। जेल रिहाई की रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने वाले 2 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार जब्त कर लिया है। अब पुलिस दोनों युवकों का माफी मांगते वीडियो वायरल कर रही है।

पिछले दिनों कतियापारा निवासी सक्षम ध्रुव पिता सतीश ध्रुव को मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जमानत पर जेल से रिहाई होने उसे लेने गए उसके दोस्त दयालबंद निवासी साहिल केंवट पिता जीवन केंवट ने उसे जेल गेट के पास माला पहनाकर कार में बैठाकर ले जाते वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया गया था। वीडियो को गंभीरता से लेते हुए सिविल लाइन पुलिस ने सक्षम ध्रुव व साहिल केंवट को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत कार्रवाई की है। वहीं उनकी थार कार को जब्त कर लिया गया है।





खबर संक्षेप

'महाराणा प्रताप अकादमी' के चंदेल राष्ट्रीय संगठन सचिव मनोनीत



बिलासपुर। नगर के एजेसिंह चंदेल को 'महाराणा प्रताप अकादमी' का राष्ट्रीय संगठन सचिव मनोनीत किया गया है तथा उन्हें छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश का संगठन प्रभारी बनाया गया है। राष्ट्रीय चेतना को समर्पित संस्था 'महाराणा प्रताप अकादमी' के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.बृजेश सिंह द्वारा संगठन के सशक्तिकरण के लिए यह मनोनयन किया गया है। यह जानकारी अकादमी के प्रवक्ता प्रदीप कुमार ने दी।

डॉ. रूद्र नारायण डाक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किए गए



बिलासपुर। डॉ. रूद्र नारायण सोनी को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों, रक्तवीर के रूप में एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था पीएचएचडी मैजिक बुक आफ रिकार्ड फाउंडेशन मानद डॉक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। अभी वर्तमान में वे रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण तथा शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। इसके साथ साथ प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज बिलासपुर में भी महासचिव के पद पर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। डा. सोनी को यह सम्मान राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में आयोजित एक भव्य राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि बाल आयोग के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ वर्णिका शर्मा, दक्षिण रायपुर के विधायक सुनील सोनी, छ.ग. राज्य शिक्षा आयोग के सुधीर गौतम, राज भाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा विशेष रूप से मौजूद थे।

महामाया आई टी आई में 50 यूनिट रक्तदान



बिलासपुर। महामाया आई टी आई खमतराई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर महामाया आई टी आई व बिलासा ब्लड़ बैंक के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। रक्तदान शिविर में संस्थान के इलेक्ट्रीशियन, फिटर व कोपा व्यवसाय के प्रशिक्षुओं एवं प्रशिक्षण अधिकारियों ने निः स्वार्थ भावना से रक्तदान किए। सभी रक्तदाताओं को संस्थान के संचालक एसएल साहू और बिलासा ब्लड़ बैंक द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र और हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। शिविर में बिलासा ब्लड़ बैंक के कुशल कर्मचारियों ने रक्तदान के महत्त्व को समझाते हुए 50 यूनिट रक्त एकत्रित किए। कार्यक्रम को सफल बनाने आई टी आई के सभी कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

लॉयंस इंटरनेशनल वरदान ने लगाया निःशुल्क मेंटल हेल्थ अवेयरनेस कैंप



बिलासपुर। लॉयंस इंटरनेशनल वरदान बिलासपुर द्वारा 6 से 27 अक्टूबर निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन क्लब की अध्यक्ष डॉ. अनुश्री पड़ेगांवकर के नेतृत्व में किया गया। शिविर के माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया तथा तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल से विभिन्न लोगों को लाभ प्राप्त हुआ। लॉयंस इंटरनेशनल वरदान क्लब भविष्य में भी जनकल्याण एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े ऐसे सेवा कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है।

सरकारी कर्मचारियों के इलाज के लिए रमणी हॉस्पिटल को मिली मान्यता

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने बिलासपुर के नेहरू नगर स्थित रमणी ट्रीटमेंट सेंटर को राज्य के शासकीय कर्मचारियों और उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार के लिए मान्यता प्रदान की है। यह मान्यता जनरल मेडिसिन और जनरल सर्जरी के उपचार के लिए दी गई है। आदेश में कहा गया है कि राज्य के भीतर मान्यता प्राप्त अस्पतालों में उपचार कराने पर संबंधित जिले के सिविल सर्जन की अनुशंसा आवश्यक होगी।

साइंस कालेज के नई प्राचार्य ने लिया चार्ज

बिलासपुर। शासकीय ई. राघवेन्द्र राव स्नातकोत्तर साइंस कालेज में नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. शुभद्रा रहालकर ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। साइंस कालेज में प्राचार्य पीके पांडेय के सेवानिवृत होने के बाद पिछले कई महिनों से प्राचार्य का पद खाली था और प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीके श्रीवास्तव प्रभार में थे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय कालेजों के प्राचार्यो सहित प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापकों का तबादला किया गया है। उसी के तहत शासकीय ई. राघवेन्द्र राव साइंस कालेज बिलासपुर में प्राचार्य पद पर डॉ. शुभद्रा रहालकर की पदस्थापना की गई है। नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. रहालकर ने आज कालेज पहुंचकर प्राचार्य का पदभार ग्रहण कर लिया। इसके पश्चात कालेज के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास, नवीन कार्ययोजनाओं तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. डीके श्रीवास्तव, डॉ. अवनीश कुमार साव, डॉ. केपी तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उषा राठौर आदि उपस्थित थे। उपस्थिति शिक्षकों ने कालेज की प्रगति, बेहतर शैक्षणिक वातावरण के निर्माण तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं को लेकर अपने विचार साझा किए।

लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त | **शासकीय कार्यालयों में महिला कर्मचारियों की संख्या नहीं के बराबर**

खराब मौसम और ऊपर से करवा चौथ, कार्यालयों में पसरा सन्नाटा

बिलासपुर। चक्रवाती तूफान के प्रभाव से बिगड़े मौसम ने शहवासियों के नियमित कामकाज पर भी बड़ा असर डाला है। सुबह से हो रही बारिश के कारण शासकीय कार्यालयों में गुरूवार को कर्मचारियों की उपस्थिति बेहद कम रही। करवा चौथ का व्रत होने के कारण महिला कर्मचारियों की उपस्थिति तो लगभग नहीं के बराबर थी।

बदली-बारिश के मौसम ने शासकीय कर्मचारियों को एक दिन का अघोषित अवकाश दिला दिया। नई व पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग में लगने वाले सभी विभागों में गुरूवार को कर्मचारियों की संख्या बेहद सीमित रही। इस दौरान पुरूषों की संख्या तो फर्स्ट हाफ तक फिर भी नजर आती रही, लेकिन महिला कर्मचारियों की उपस्थिति लगभग नहीं के बराबर थी। गुरूवार को महिलाओं का करवा चौथ का निर्जला व्रत होने के कारण ज्यादातर महिलाओं ने अवकाश ले रखा था। इस दौरान जिन महिलाओं ने उपवास नहीं रखा था, केवल उनकी ही सीमित उपस्थिति देखी गई। शासकीय कार्यालयों में सुबह से हो रही लगातार बारिश का असर केवल कर्मचारियों में ही नहीं, बल्कि विभिन्न विभागों में अपने जरूरी काम लेकर पहुंचने वाले पक्षकारों की संख्या में भी देखा गया। माहौल पूरी तरह ठंडा होने के कारण पदस्थ कर्मचारियों ने भी सेकेंड हाफ के बाद अपने-अपने घर की राह पकड़ ली। ऐसे में विभागों में कर्मचारियों के कुर्सी-टेबल खाली नजर आते रहे।



कलेक्टोरेट परिसर सुनसान।



आदिवासी विकास कार्यालय कलेक्टोरेट।



संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कलेक्टोरेट शाखा।

पेंच वर्क के बाद फिर बारिश से उधड़ने लगी सड़क

खराब सड़कों के गढ्ढे भरते ही हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बरसात समाप्त होने के बाद खराब सड़कों के मरम्मत गढ्ढे भरने का काम शुरू ही हुआ था कि चक्रवात की वजह से फिर से बारिश हो गई। बारिश की वजह से जिन सड़कों के गढ्ढे भरे गए थे और पेंच वर्क किया था, वहां सड़क फिर से उधड़ने लगी है।

- डामर के कारण शुरू नहीं हो पाया बीटी काम

चक्रवात की वजह से बुधवार से लगातार बारिश हो रही है, जिससे सड़कों पर गढ्ढे पड़ने लगे हैं। सामान्य तौर पर 15 अक्टूबर तक बरसात का मौसम रहता है और बरसात में सड़क मरम्मत इसीलिए नहीं कराया जाता कि बारिश में फिर से सड़क खराब हो जाएगी। इसलिए नगर निगम या पीडब्लूडी विभाग हो सभी बरसात समाप्त होने का इंतजार करते हैं। इस बार भी बरसात का मौसम समाप्त होने के बाद नवरात्रि के समय खराब सड़कों का मरम्मत कार्य शुरू कराया गया था और खराब सड़कों के गढ्ढे भरे जा रहे थे। पीडब्लूडी अपने सड़कों के गढ्ढे भरने और पेंच वर्क करा रही थी, वहीं नगर निगम द्वारा शहर की खराब सड़कों के गढ्ढों को भरने का काम चल रहा था। सड़क के गढ्ढों पर मटैरियल भरकर या सीसी कर गढ्ढा भरा जा रहा था। जिन जगहों पर पूरा डामरीकरण कर सड़क बनाया जाना है वहां पर तो डामर महंगा होने के कारण बीटी कार्य शुरू भी नहीं हो पाया था। दूसरी तरफ जिन सड़कों पर मरम्मत और गढ्ढे भरने का काम शुरू हुआ था वहां पर भी बारिश के कारण सड़क मरम्मत कार्य न सिर्फ प्रभावित हुआ है, बल्कि फिर सड़कें खराब होने लगी है और गढ्ढे पड़ने लगे हैं।



इन जगहों की सड़कों पर गढ्ढे ही गढ्ढे

शहर में हर तरफ अलग-अलग जगहों की सड़कें इस बरसात में खराब हुई है। इनमें सीपत चौक, महामाया चौक से देवकीनंदन दीक्षित चौक तक सड़क, नेहरू चौक से इंदिरा सेतु होते हुए सीपत चौक सरकंडा की सड़क तथा सरकंडा महामाया चौक से कोनी मार्ग की सड़क खराब है। इसी तरह पुलिस लाइन से लिंकरोड मार्ग व मगरपारा से सत्यम चौक सड़क छतिग्रस्त हुई है। मुंगेलीनाका की सड़क भी उधड़ गई थी, जिसमें मरम्मत कर गढ्ढों को फिलहाल भरा गया है।

शहर में चारों तरफ सड़क खराब

शहर के चारों तरफ की सड़क बहुत खराब है। बरसात के दौरान सड़कें खस्ताहाल हो गई है और सड़क पर जगह-जगह गढ्ढों पर वाहन हिचकोले खा रहे हैं। इन खराब सड़कों और खतरनाक गढ्ढों की वजह से सड़क दुर्घटना भी हो रहा है। इस बार की बरसात में लगातार बारिश हुई है और अतिवृष्टि के कारण शहर में कई जगहों पर जलभराव की स्थिति भी निर्मित हुई।

उसलापुर-सकरी मुख्यमार्ग खराब

ननि द्वारा उसलापुर ओव्हरब्रिज से लेकर सकरी बायपास चौराहा तक लगभग 15 करोड़ रुपए की लागत से चौड़ी सड़क का निर्माण कराया गया था। यह सड़क दो पार्ट में बनाया गया था, जिसमें पहला पार्ट ओव्हरब्रिज से लेकर फोर्ड कार शो रूम तक और दूसरा पार्ट कार शो रूम से सकरी बायपास चौराहा तक बनाया गया था। बरसात में यह सड़क खराब हो गई है और कई जगह गढ्ढे पड़ गए हैं।

नर्मदानगर-मिनोचा कालोनी सड़क उधड़ी

नगर निगम द्वारा नर्मदा नगर बायपास में नेहरू नगर चौराहा से लेकर श्रीवास धर्मशाला के आगे तक चौड़ी सड़क बनवाया गया था। इसी तरह उसके आगे मिनोचा कालोनी के सामने उसलापुर ओव्हरब्रिज तक चौड़ी सड़क बनाई गई थी। लेकिन इस सड़क की हालत भी इस बरसात में खराब हो गई है और कई जगहों पर सड़क में गढ्ढे पड़ गए हैं।

डामर की समस्या है

नगर निगम में आठों जोन अंतर्गत खराब सड़कों के मरम्मत कार्य शुरू कराए गए थे और इस दौरान सीसी कर सड़कों के गढ्ढों को भरा गया था। डामर को लेकर समस्या है और ठेकेदार नया रेट मांग रहे हैं इसलिए अभी सड़कों का बीटी काम चालू नहीं हो पाया है।

-एसपी साहू
अधीक्षण अभियंता, नगर निगम

टोल प्लाजा से बेरियर हटाने की पूरी तैयारी

बिलासपुर-पथरापाली में पहला प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टोल प्लाजा में बंद बेरियर के सामने वाहनों की लगने वाली लंबी कतार अब जल्द समाप्त होगी। एनएचएआई द्वारा टोल से बेरियर हटाने की तैयारी की जा रही है। जिले में इसका पहला प्रयोग बिलासपुर-पथरापाली टोल प्लाजा में किया जाएगा। टोल के बेरियर मुक्त होने के बाद वाहन चालकों का काफी समय बच सकेगा।

- मार्च 2027 तक प्रारंभ करने का लक्ष्य
- वाहन चालकों का बचेगा समय

राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों के टोल प्लाजा में लगने वाले कीमती समय को ध्यान में रखते हुए सरकार ने टोल को बेरियर मुक्त करने का निर्णय लिया है। मल्टी लेन फ्री फ्लो टोलिंग सिस्टम के अंतर्गत टोल से बेरियर पूरी तरह हटा दिए जाएंगे। टोल पर अपने वाहन पार करने के दौरान वाहन चालकों को एक सैकेंड के लिए भी रूकना नहीं पड़ेगा। वाहनों की जीआईएस बेस्ड टैगिंग होगी, जिसके अंतर्गत वाहन कहां से चला है और कितनी दूरी की यात्रा हो चुकी है, यह सारी जानकारी आटोमेटिक रीड कर ली जाएगी। टोल से अपना वाहन पार करते ही वाहन के फास्टैग अकाऊंट से निर्धारित शुल्क भी अपने काट लिया जाएगा। देश में दिल्ली-मुंबई एवं दिल्ली-आगरा एक्सप्रेस वे में यह प्रारंभ हो चुका है एवं देश के कई टोल प्लाजा में प्रारंभ होने की प्रक्रिया में है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा जिले में इसका पहला प्रयोग बिलासपुर-पथरापाली टोल प्लाजा में प्रस्तावित है। इस मार्ग में प्रतिदिन करीब 22 हजार वाहनों की आवाजाही होती है। मार्च 2027 तक इसके प्रारंभ हो जाने की संभावना जाहिर की जा रही है। टोल प्लाजा में एमएलएफएस सिस्टम लागू हो जाने के बाद वाहन चालकों को लेटलतीफी से काफी निजात मिलेगी। कई बार बेरियर पार करने सामने खड़े वाहनों का फास्टैग रीड नहीं कर पाने के कारण पीछे खड़े वाहनों को काफी देर तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। एमएलएफएस सिस्टम लागू हो जाने के बाद इस तरह की सारी समस्याएं समाप्त हो जाएंगी।



चल रही है तैयारी

टोल प्लाजा को बेरियर मुक्त करने की तैयारी चल रही है। जिले में इसकी शुरूआत बिलासपुर-पथरापाली टोल से की जाएगी। मार्च 2027 तक इसके प्रारंभ हो जाने की संभावना है।

-मुकेश कुमार परगनिहा,
परियोजना निदेशक एनएचएआई पीआईयू बिलासपुर

गणेश मंदिरों में संकष्टी चतुर्थी पर अभिषेक, पूजा

बिलासपुर। बिलासपुर के सिद्ध गणेश मंदिर रेल्वे में गुरुवार को संकट चतुर्थी पूजा की गई। इस दौरान भगवान का अभिषेक, अलंकार, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। आज करवा चौथ होने के कारण मंदिर में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा।

संकट चतुर्थी की पूजा प्रातः 6 से साढ़े 7 बजे तक संकल्प व गणपति हवन प्रातः साढ़े 7 से 9 तक अभिषेक, अलंकार, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। प्रातः 9 से साढ़े 10 बजे तक भक्तजन दर्शन व प्रसाद वितरण किया गया। शाम 6 से साढ़े 7 बजे तक संकल्प, अभिषेक, अलंकार, सहस्त्रनाम अर्चना व आरती की गई। शाम साढ़े 7 से रात 10 बजे तक भक्तजन दर्शन व प्रसाद वितरण किया गया। शाम को सुंडल, खिचड़ी, खीर का भोग लगाकर भक्तजनों में वितरण किया गया। पूजा कार्यक्रम में मंदिर प्रबंधन व सेवादारों का सहयोग रहा।





668 भक्तों ने कराया अभिषेक

राम मंदिर तिलकनगर में संकष्टी चतुर्थी पर कुल 668 भक्तों ने अभिषेक कराया। आज का श्रृंगार मंदिर द्वारा करवाया गया। आगामी संकष्टी चतुर्थी अभिषेक 27 नवंबर शुक्रवार को होगी। अभिषेक, पूजन आचार्य उदय वारे, वेंकटेश पाटिल, चिन्मय चिंचोलकर ने संपन्न कराया। प्रसाद में सभी भक्तों को चना दिया गया।



बैडमिंटन में उपविजेता बनी एलसीआईटी

बिलासपुर। एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस की बैडमिंटन टीम ने सेक्टर स्तरीय बैडमिंटन महिला/पुरुष प्रतियोगिता में उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया है।

महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आबंटित खेल बैडमिंटन महिला पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन सीएम दुबे स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय की मेजाबनी मे 27 व 28 अक्टूबर को इंडोर बैडमिंटन कोर्ट पर किया गया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग मे 17 महाविद्यालय की टीम व महिला वर्ग मे 11 महाविद्यालय की टीम ने हिस्सा लिया। इसमें एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस की पुरुष टीम ने शासकीय विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर को 2-0 सेट से हराकर क्वाटर फाइनल मे पंहुची। सेमीफाइनल मुकाबले मे एलसीआईटी कालेज ने चौकसे कालेज को 2-0 से हराकर फाइनल मे पहुंची। फाइनल मुकाबला सीएमडी और एलसीआईटी के मध्य खेला गया, जिसमे 2-1 से हारकर सीएमडी की टीम विजेता और एलसीआईटी की टीम उपविजेता बनी। उसी प्रकार महिला वर्ग की टीम फाइनल मुकाबले मे मेजबान सीएमडी महाविद्यालय की टीम से 2-1 से हराकर उपविजेता हुई। प्रतियोगिता मे चयनित खिलाडी राज्य स्तरीय स्पर्धा मे बिलासपुर सेक्टर का प्रतिनिधित्व करेंगे।



डी.पी. विप्र महाविद्यालय में चल रहा साइनेक्स मिलेनियम

रंगोली, मेहंदी, चित्रकला में विद्यार्थियों ने किया कलात्मक अभिरुचि का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डी.पी. विप्र महाविद्यालय में 'साइनेक्स मिलेनियम' के द्वितीय दिवस आयोजित रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, दुल्हन मेकअप, सलाद सज्जा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कल्पनाशीलता, कलात्मक अभिरुचि एवं व्यवहारिक कौशल का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. ललित प्रकाश पाटेरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना भी है। विकसित भारत का सपना युवाओं के प्रयासों से संपन्न हो सकता है। विशिष्ट अतिथि विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला ने कहा कि युवा किसी भी समाज और राष्ट्र की महत्वपूर्ण शक्ति होते हैं। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा के साथ ही विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती है। अनुराग शुक्ला अध्यक्ष महाविद्यालयीन प्रशासन समिति ने कहा कि डी.पी. विप्र महाविद्यालय विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही उनकी रचनात्मक एवं व्यवहारिक क्षमताओं के विकास के लिए निरंतर अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, नई विधाएं सीखने तथा विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। प्राचार्य डॉ एमएस तंबोली ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही उनकी अंतर्निहित प्रतिभाओं को निखारना एवं उनका सर्वांगीण विकास करना है। डॉ निधिश चौबे साइनेक्स मिलेनियम प्रभारी ने कहा कि आज का युवा केवल रोजगार प्राप्त करने वाला नहीं बल्कि नए विचार के माध्यम से रोजगार के अवसर सृजित करने वाला भी बन सकता है। युवाओं में नवाचार की अपार संभावना है। कार्यक्रम में प्राध्यापिका सुश्री अंजू कमलेश द्वारा लिखित 'धर्मा कोड सांइस एण्ड इथिक्स इंडियन स्टोरीस' पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ऋचा हांडा एवं आभार प्रदर्शन प्रो. यूपेश कुमार ने किया। इस अवसर पर अविनाश सेठी अध्यक्ष एलुमिनी कमेटी, डॉ मनीष तिवारी, गोविंद सेठी, जीतू ठाकुर, शिवा गेंदले, विनय अग्रवाल, निलेश माडेवार, टिकेश प्रताप सिंह, चित्रकांत निडरवार, विकास सिंह ठाकुर, मनीष मिश्रा, उमेश साहू, अरूण नथानी, बृजेश बोले, समर्थ मिरानी, यूपेश कुमार, डॉ. संजय तिवारी, डॉ. एम.एल. जायसवाल, डॉ विवेक अम्बलकर, डॉ आशीष शर्मा, प्रो. ए.श्रीराम, डॉ सुषमा शर्मा, डॉ खगेन्द्र सोनी, डॉ जयंत राय, डॉ शिखा पहारे, डॉ सुरूचि मिश्रा, प्रो विश्वास विक्टर, शैलेन्द्र तिवारी, डॉ अजय यादव, प्रो. सुचित दुबे, डॉ ज्योति तिवारी, हैल्सियनकांत, विभांशु अवस्थी, सगराम चंद्रवंशी, तोरण यादव उपस्थित रहे।



विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती है। अनुराग शुक्ला अध्यक्ष महाविद्यालयीन

पीएम किसान सम्मान निधि की 24वीं किश्त जारी होगी आज



बिलासपुर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत बिलासपुर जिले के 1 लाख 34 किसानों के बैंक खातों में 22 करोड़ 10 लाख रुपए से अधिक की राशि सीधे अंतरित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे गुजरात के बनासकांठा में आयोजित वृहद किसान सम्मेलन से योजना की 24वीं किस्त जारी करेंगे। इस अवसर पर जिले में भी 'पीएम किसान उत्सव दिवस' मनाया जाएगा। उप संचालक कृषि एम.आर. तिग्गा ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, सरकंडा, बिलासपुर में आयोजित होगा। यहां किसानों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। श्री तिग्गा ने बताया कि योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपए की सहायता राशि दो-दो हजार रुपए की तीन किश्तों में दी जाती है।

हरिभूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255







गुलशन ऋषि, नमिता ऋषि के निवास पर करवा चौथ की पूजा में शामिल महिलाएं।

तूफान के असर से चंद्र दर्शन में हुई परेशानी, शहर में हुए विभिन्न आयोजन

अर्नब ने बिगाड़ा मौसम, चांद के दीदार को तरसीं सुहागिनें

बिलासपुर। अखंड सुहाग की कामना के साथ गुरुवार को सुहागिनों ने करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा, लेकिन अर्नब तूफान के असर ने पर्व के उत्साह को कुछ फीका कर दिया। चंद्र दर्शन के इंतजार में महिलाओं की निगाहें आसमान पर टिकी रहीं।

बादलों के कारण चांद के दीदार में परेशानी हुई और कई सुहागिनें चंद्रमा को देखने के लिए तरसती रहीं। रात दस बजे तक बिलासपुर में चंद्र दर्शन नहीं हुए।पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना से महिलाओं ने दिनभर व्रत रखा। सोलह श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की और चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत खोलने की तैयारी की। वहीं, शहर में विभिन्न महिला मंडलों और सामाजिक संगठनों ने करवा चौथ उत्सव का आयोजन किया, जहां महिलाओं ने पारंपरिक गीतों, भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ के साथ पर्व मनाया। बारिश के कारण जहाँ भी सार्वजनिक आयोजन होते हैं उन्हें इंडोर व्यवस्था करनी पड़ी। वहीं चांद के दर्शन के लिए भी इंतज़ार करना पड़ा। महिलाएं पूरे देश में अपने रिश्तेदारों को को फ़ोन लगा पूछती रहती है कि चाँद कहाँ दिखा। सुहागिनों ने मोबाइल और टीवी पर चांद देखा।

महिलाओं ने सजाई आरती की थाल

अरपांचल उप समिति महिला मंडल की ओर से करवा चौथ पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आरती की थाल सजाओ स्पर्धा की प्रथम विजेता सहित सभी महिलाओं को लड्डू गोपाल, सुहाग का सामान और उपहार वितरित किए गए। महिला मंडल की अध्यक्ष लिली ठाकुर ने मुख्य अतिथि एवं पूर्व अध्यक्ष संध्या परिहार को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिला मंडल की समस्त टीम उपस्थित रही।

लाल साड़ी में सोलह श्रृंगार कर उत्सव में हुईं शामिल

विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ बिलासपुर और मारवाड़ी ब्राह्मण महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्री परशुराम भवन में करवा चौथ उत्सव आयोजित किया गया। इसमें समाज की महिलाएं लाल रंग की साड़ी में सोलह श्रृंगार कर शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत भजन-कीर्तन से हुई। महिलाओं ने करवा चौथ की कथा सुनी और एक-दूसरे को अखंड सौभाग्य एवं अमर सुहाग की शुभकामनाएं दीं। भजन, लोकगीत और सुहाग से जुड़े पारंपरिक गीतों पर महिलाओं ने उल्लास के साथ भागीदारी की। अंत में प्रसाद वितरण किया गया और समाज की वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ और मारवाड़ी ब्राह्मण महिला समिति की पदाधिकारियों एवं सदस्यों का विशेष योगदान रहा।



वीआईपी कॉलोनी टूटेजा निवास में मनाई गई करवा चौथ।



भाग्यश्री, अहाना, जाह्नवी, राशिका, सुम्मी, रुचि, सृष्टि, सोनाली, प्रियंका, अंकिता, शेफाली, सुरभि।



परिजात एक्सटेंशन कॉलोनी की महिलाएं।



मीना गुम्बर, चिंकी दत्त, रिचा गुम्बर, भाविका गुम्बर।



प्रीती सलूजा, नमिता ऋषि, गीता मनचंदा।



अरपांचल समिति की महिलाओं ने मनाया करवा चौथ।



पम्मी गुंबर,कृतांशा गुंबर, सिमरन गुंबर।



अंकिता अजमानी



डॉ.पूनम सिंह

नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने की आवश्यकता पर बल

छत्तीसगढ़ बंगला अकादमी बिलासपुर ने तोरवा में साहित्यिक पत्रिका 'मातृभाषा' के शारदीय विशेषांक 'वंदे मातरम' का विमोचन और विजया सम्मेलन आयोजित किया। इसमें कोलकाता से आए साहित्यकारों, शिक्षाविदों, अकादमी के पदाधिकारियों, कलाकारों और संस्कृति प्रेमियों ने नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

बिलासपुर। अकादमी की अध्यक्ष नमिता घोष ने अपने संबोधन में मातृभाषा के महत्व, बंगला भाषा एवं साहित्य के संरक्षण व संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पत्रिका के मुख्य संपादक डॉ गोपाल चंद्र मुखर्जी ने विशेषांक की विषय वस्तु और प्रकाशन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए अकादमी के प्रयासों को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन डॉ सोमनाथ मुखर्जी ने किया।

'गीतिलेख्य, गाने और कथा में स्वदेश चेतना' को असीत बरन दास एवं डॉ सोमा लाहिड़ी मल्लिक के वाचक पाठ तथा निहार रंजन मल्लिक के संगीत निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। असित बरण दास के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक तथा गोपा दास गुप्ता की नृत्य-परिकल्पना और निर्देशन में हुए सामूहिक नृत्यों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। इन प्रस्तुतियों में संगीत, भाव और लय का सुंदर समन्वय देखने को मिला। विजया सम्मेलन ने पारस्परिक सद्भाव, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक सौहार्द का संदेश दिया। छत्तीसगढ़ बंगला अकादमी ने बंगला भाषा के प्रचार-प्रसार, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराया।

'वंदे मातरम' का विमोचन व विजया सम्मेलन संपन्न





इनकी रही उपस्थितिः समारोह में कोलकाता से आए विशिष्ट अतिथि वरुण चक्रवर्ती, डॉ चित्तरंजन मैती, अमरेश मुखर्जी, बिजन चंद, डॉ साधन हालदार, डॉ सुकेश मंडल, सीवी. रमन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.प्रदीप कुमार घोष, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रो. डॉ सुबल दास, मुख्य संरक्षक चंदन कुमार गांगुली, मानवेन्द्र नाथ चटर्जी, तमाल चटर्जी, डॉ हेमंत चटर्जी, अजय कुमार गांगुली, कौशिक मित्र की उपस्थिति रही।



चलनी से चांद का दीदार करतीं महिलाएं।



बजाज परिवार जूनी लाइन।



विप्र फाउंडेशन का करवा चौथ।

खबर संक्षेप

भवन निर्माण का विधायक कौशिक करेंगे भूमिपूजन



पथरिया। शासकीय नवीन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पथरिया के नवीन भवन निर्माण के लिए शुक्रवार, 30 अक्टूबर को भूमिपूजन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे लछनपुर स्थित महाविद्यालय परिसर में होगा। भूमिपूजन क्षेत्रीय बिल्हा विधायक धर्मलाल कौशिक के हाथों संपन्न होगा। महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण को क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भवन निर्माण पूरा होने के बाद विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। इससे क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा के अवसरों का लाभ मिल सकेगा। भूमिपूजन समारोह को लेकर क्षेत्र में महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण की शुरुआत को लेकर उम्मीदें जताई जा रही हैं।

आरएसएस का पथसंचलन शस्त्र पूजन 31 को

मुंगेली। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नगर के तत्वावधान में आगामी 31 अक्टूबर को नगर पालिका स्कूल के प्रांगण में विजया दशमी उत्सव, पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नगर महामाया बस्ती संचलन का विशेष आकर्षण रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत किसान कार्य प्रमुख उत्तर यादव उपस्थित रहेंगे। जो स्वयं सेवकों और उपस्थित नागरिकों का मार्गदर्शन करेंगे। इसके साथ ही इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश ज्वेलर्स के प्रोपराइटर अभिषेक सोनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। आयोजकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा। इस अनुष्ठान में संघ के गणवेशधारी स्वयं सेवक पूर्ण अनुशासन के साथ पथ संचलन में भाग लेंगे और विजयादशमी के पावन पर्व पर शस्त्र पूजन संपन्न किया जाएगा।

देवराहा कॉटन इंडस्ट्रीज में लगी आग, 40 लाख का नुकसान

चांपा। चांपा के पास देवराहा-पीथमपुर में स्थित देवराहा कॉटन इंडस्ट्रीज में देर रात लगी भीषण आग ने सब कुछ राख कर दिया। करीब साढ़े 8 घंटे तक आग धधकती रही। फैक्ट्री संचालक के मुताबिक इस अग्निकांड में 35 से 40 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि मजदूर समय रहते बाहर निकल आए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

निधन

सुधेराम धीवर

बिलासपुर। बैमा नगाई निवासी सुधेराम धीवर का 29 अक्टूबर को हो गया। वे 85 वर्ष के थे। वे अजय धीवर के पिता थे।



बुधराम कौशिक

बिलासपुर। नरोतीकापा तखतपुर निवासी बुधराम कौशिक का निधन 28 अक्टूबर को हो गया है। वे दुर्गा के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार तखतपुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया।



नरेंद्र ठाकुर उर्फ नागू

तखतपुर। नगर के वार्ड 3 टिकरीपारा निवासी नरेंद्र ठाकुर उर्फ नागू 52 वर्ष का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। वे राकेश, धर्मेंद्र, जितेंद्र ठाकुर के चाचा थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।



कौशल्या देवी

तखतपुर। ग्राम कुंआ निवासी कौशल्या देवी 70 वर्ष का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। वे अनिल कुमार ,रविंद्र कुमार, पूर्णिमा कौशिक की मां थी।



अर्नब का असर: किसान चिंतित, कारोबार भी प्रभावित

बेमौसम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, बढ़ी ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

अर्नब तूफान के प्रभाव के चलते बुधवार से लगातार बारिश हो रही है। बारिश ने जनजीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया है। लगातार बारिश के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी कार्यालय भी सूने रहे। दिनभर सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और बाजारों तथा सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही कम दिखाई दी। बारिश के चलते मौसम में ठंडक बढ़ गई है, वहीं खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

बुधवार से शुरू हुई बारिश का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। लगातार आसमान में बादल छाए रहने और बारिश होने के कारण लोग आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकले। सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में कम चहल–पहल देखने को मिली। बारिश ने जहां एक ओर मौसम को ठंडा कर दिया, वहीं दूसरी ओर दैनिक कामकाज और आवागमन पर भी असर डाला। लगातार बारिश के कारण बाजारों और प्रमुख सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम रही। दुकानदारों और छोटे व्यापारियों को भी ग्राहकों की कमी का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते जरूरी कामों से बाहर निकलने वाले लोगों को परेशानी हुई। कई स्थानों पर आवागमन प्रभावित होने से लोगों की दिनचर्या बाधित रही। मौसम के अचानक बदले मिजाज ने आम जनजीवन की रफ्तार धीमी कर दी है। लगातार बारिश के कारण तापमान में गिरावट महसूस की गई और वातावरण में ठंडक बढ़ गई। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को ठंड का एहसास होने लगा है। बारिश और ठंडी हवाओं के चलते लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। यदि बारिश का दौर आगे भी जारी रहता है, तो ठंड का असर और बढ़ सकता है। लगातार हो रही बारिश का असर कृषि क्षेत्र पर भी पड़ने की आशंका है। खेतों में खड़ी फसलों के लिए बेमौसम बारिश नुकसानदायक साबित हो सकती है। विशेष रूप से जिन फसलों की कटाई चल रही है या जो कटाई के बाद खेतों में रखी हैं, उन्हें नुकसान होने की संभावना बतायी जा रही है। धान से लदे पौधे खेतों में गिर गए है। खेतों में पानी जमा होने की स्थिति में भी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि, फसलों को हुए वास्तविक नुकसान का आंकलन संबंधित क्षेत्रें का निरीक्षण करने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे खेतों में जलभराव की स्थिति पर नजर रखें और स्थानीय कृषि विभाग के निर्देशों का पालन करें। लगातार बारिश के चलते अब लोगों की निगाहें मौसम के अगले रुख पर टिकी हुई हैं। यदि बारिश का सिलसिला जारी रहता है, तो जनजीवन के साथ–साथ कृषि गतिविधियों पर भी इसका असर बढ़ सकता है। ऐसे में संबंधित विभागों द्वारा मौसम की स्थिति पर नजर रखना और प्रभावित किसानों तक आवश्यक सहायता पहुंचाना महत्वपूर्ण होगा।



बारिश के चलते सड़कों पर सन्नाटा।

कुल मिलाकर, अर्नब तूफान के प्रभाव से शुरू हुई लगातार बारिश ने आम जनजीवन की रफ्तार धीमी कर दी है। सड़कों पर पसरा सन्नाटा, बाजारों में कम चहल–पहल, मौसम में बढ़ी ठंडक और फसलों को नुकसान की आशंका इस बदलते मौसम के प्रमुख प्रभाव बनकर सामने आए हैं। अब सभी को बारिश थमने और मौसम सामान्य होने का इंतजार है।

आंधी ने मचाई तबाही, खेतों में खड़ी फसल चौपट

पथरिया। क्षेत्र में आए आधी-तूफान ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। तेज हवाओं और खराब मौसम के चलते जहां शासकीय कामकाज और व्यापारिक गतिविधियों पर असर पड़ा, वहीं खेतों में खड़ी फसल को भी भारी नुकसान पहुंचने की बात सामने आ रही है। किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिरने से उनके सामने आर्थिक संकट की आशंका बढ़ गई है। अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में तैयार हो रही फसल प्रभावित होने से किसानों को उत्पादन में कमी और आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। वहीं, व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होने से कारोबारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। खराब मौसम का असर सामान्य जनजीवन पर भी देखने को मिला। क्षेत्र के किसानों को अब फसल के नुकसान के आकलन और संभावित राहत की उम्मीद है। यदि फसल को व्यापक नुकसान हुआ है, तो संबंधित विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराकर वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाना जरूरी है, ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार राहत मिल सके।





बेसहारा मवेशियों पर ठंड और बारिश का कहर, दिया जा रहा विशेष उपचार

मल्हार। लगातार बारिश और सर्द हवाओं के चलते नगर के अस्थायी पशु बाड़े में रखे मवेशियों की हालत बिगड़ने लगी है। इनमें से सात मवेशियों की स्थिति अधिक गंभीर होने पर उन्हें मां डिडिनेश्वरी मंदिर परिसर में रखकर विशेष उपचार दिया जा रहा है। वहीं, अन्य मवेशियों को बारिश और ठंड से बचाने के लिए मंगल भवन के शेड में सुरक्षित रखा गया है। पशु चिकित्सा विभाग की टीम और स्थानीय युवा मिलकर मवेशियों की देखभाल में जुटे हुए हैं। दरअसल, धान की फसल को मवेशियों से बचाने के उद्देश्य से पिछले तीन महीनों से मंदिर के पास अस्थायी बाड़ा बनाकर सैकड़ों मवेशियों को रखा गया है। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश और ठंडी हवाओं के कारण कई मवेशी बीमार पड़ने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय युवाओं ने मोर्चा संभाला और बीमार मवेशियों के उपचार की व्यवस्था कराई। पशु चिकित्सा विभाग की टीम कर रही निगरानी। मवेशियों के उपचार एवं देखभाल के लिए मस्तूरी से पहुंची पशु चिकित्सा विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। टीम में डॉ आर बी चौरसिया, अतिरिक्त उपसंचालक एवं प्रभारी, कृत्रिम गर्भाधान केंद्र मस्तूरी तथा अजय प्रसाद पटेल, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी शामिल हैं। ओमप्रकाश मिश्रा और जितेंद्र यादव भी देखभाल में सहयोग कर रहे हैं। बीमार मवेशियों को ड्रिप और इंजेक्शन के माध्यम से उपचार दिया जा रहा है।

- मंदिर परिसर में किया जा रहा इलाज
- मंगल भवन के शेड में मवेशियों को शिफ्ट किया गया



स्थानीय युवाओं ने भी संभाली जिम्मेदारी

मुश्किल की इस घड़ी में नगर पंचायत मल्हार के स्थानीय युवा आकांक्षा कुमारी, अविनाश मिश्रा, सूरज सिंह और राजू तिवारी मवेशियों की सेवा में जुटे हैं। युवाओं ने बीमार मवेशियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के साथ ही ठंड से बचाव के लिए अलाव और सेंकाई की व्यवस्था की है। उनके प्रयासों से मवेशियों को राहत पहुंचाने का काम किया जा रहा है। मवेशियों की सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्था नहीं, गोठान और गौधाम योजनाओं पर उठ रहे सवाल। शासन और प्रशासन भले ही मवेशियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता जताते हों, लेकिन ग्रामीण अंचलों की जमीनी हकीकत इससे अलग तस्वीर बयां करती है। आज भी बेजुबान मवेशी सुरक्षित आश्रय, पर्याप्त चारा और समुचित उपचार के अभाव में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ऐसे हालात में गोठान और गौधाम जैसी योजनाओं की प्रभावशीलता पर सवाल उठना लाजिमी है। आए दिन मवेशियों की भूख, बीमारी और उचित देखभाल के अभाव में मौत की खबरें सामने आती हैं, इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान अब तक नजर नहीं आता।

मौसम की मार, त्योहार के दिन भी मायूस रहे फल व्यापारी

तखतपुर। खराब मौसम में गुरुवार को फल व्यापारियों को निराश कर दिया। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण करवा चौथ के मौके पर पर भी बाजार बिल्कुल शांत नजर आया। करवा चौथ के लिए एक हफ्ते पहले भट्टी लगाकर पकाए गए केले अकेले बाजार में नहीं आ पाए, जिसके कारण थोक बाजार से केले का भाव 70 दर्जन से घटकर 30 से 36 रुपए आ गया अब। दिन भर जब मौसम खराब रहा और बाजार में ग्राहकी भी नहीं रही, ऐसे में शाम होते होते करवा चौथ का जो सामान आधी कीमत में आ गया। यूं तो करवा चौथ के दिन फलों की कीमत बढ़ी हुई रहती है, लेकिन मौसम की नाराजगी के कारण व्यापारियों को सस्ते दामों पर बेचना पड़ा। इसी तरह करवा चौथ की अन्य सामग्रियां भी सस्ते दामों पर बिकती नजर आईं। दुकानदारों ने साल भर समान को जमा कर रखने से बचने के लिए कम कीमत पर बेचना शुरू कर दिया। ऐसे में व्रती महिलाओं को फल और सामान सस्ता मिल गया। इस बरसात ने बाजार और त्योहार की रंगत को फीका कर दिया। आधे दाम पर भी नहीं बिके फल- फल व्यवसायी शेरा देवांगन ने बताया कि, प्रतिदिन 60 से 70 रुपए दर्जन तक बिकने वाला केला करवा चौथ के दिन बाजार में थोक बाजार से ही 30 से 35 रुपए दर्जन के रेट में आया। स्थिति यह रही कि, पहले से ही छोटे दुकानदारों के पास माल होने के कारण वे कम कीमत का माल भी नहीं ले सके। बरसात को देखते हुए उन्होंने नुकसान से बचने के लिए केले के भाव को बाजार में कम रखा, लेकिन बावजूद बाजार में बिक्री नहीं थी।



चक्रवाती बारिश से खेतों में भरा पानी

लोरमी। ग्रामीण क्षेत्रों में बीते दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश ने अन्नदाताओं की धान की फसलों पर पानी फिरते दिख रहा है। आर्थिक क्षति की संभावना बनते दिख रही है। खेतो में लहलहाती धान की फसलें पककर तैयार है, तेज हवाएं एवं बेमौसम पानी से पूरी तरह से जमीन पर बिछ गई है, जिससे किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं। किसानों के अनुसार, जो धान पूरी तरह पक चुका था और कटाई के कगार पर था, वह पानी और तेज हवाओं के कारण पूरी तरह से (सो) गया है। इसके साथ ही, जो फसलें अभी पूरी तरह नहीं पक पाई थीं, वे भी इस मार से अछूती नहीं रही हैं और बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खेतों में पहले से ही पानी भरा होने के कारण धान की बालियों के सड़ने और काले पड़ने की आशंका गहरा गई है। धान के अलावा इस आफत की बारिश ने अन्य फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। किसानों का कहना है कि खेतो में जल भराव की स्थिति बनने से अरहर, तिली और गन्ना जैसे अन्य महत्वपूर्ण फसलों को भी भारी क्षति पहुंचने की आशंका हैं जिससे किसानों को इस वर्ष भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्राम खपरीकला, चिल्फी, गोलहपारा, मेंघापारा, घठोलि, बाघमार, डुमरहा, सहसपुर, लगरा , साल्हेघोरी, कोसमतरा, कुकुरहट्टा भांठा, रैतरा समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों मे व्यापक रूप से फसले प्रभावित हुई है।



रतनपुर में दर्दनाक हादसा: खंभे से टकराई कार, चालक की मौत



रतनपुर। थाना क्षेत्र में ऋषि फ्यूल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार चालक शैलेष रंजन की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे खंभे से टकरा गई। हादसे में चालक को सीने में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं, जिससे उसकी जान चली गई। पुलिस ने मामले में मर्ग जांच के साथ कार क्रमांक सीजी 10 ए एन 3753 के चालक शैलेष रंजन के संबंध में धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, प्रार्थी आयुष हरिश सिन्हा मुंबई के अंधेरी वेस्ट क्षेत्र में रहते हैं और निजी कार्य करते हैं।

आयुष ने बताया कि 28 अक्टूबर को सुबह करीब 9:28 बजे उन्होंने अपने चाचा शैलेष रंजन को फोन किया था। फोन किसी अन्य व्यक्ति ने उठाया और उन्हें जानकारी दी कि कार क्रमांक सीजी 10 ए एन 3753 चलाते समय शैलेष रंजन का ऋषि फ्यूल, नेवसा के पास एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलने पर आयुष को पता चला कि दुर्घटना के बाद शैलेष रंजन को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर ले जाया गया है, जहां उनकी मौत हो चुकी है। इसके बाद वह अस्पताल की मर्चुरी पहुंचे और शव की पहचान अपने चाचा शैलेष रंजन के रूप में की।

प्रार्थी के मुताबिक, हादसे में सीने में अंदरूनी चोट लगने के कारण उनके चाचा की मृत्यु हुई। रतनपुर पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और कार खंभे से कैसे टकराई, इसकी जांच की जा रही है।



जेएमपी कॉलेज में कोनोकार्पस पौधे के रोपण पर लगाए गए प्रतिबंध की दी गई जानकारी

तखतपुर। शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर के वनस्पति शास्त्र विभाग की ओर से कोनोकार्पस पौधे के रोपण पर प्रतिबंध विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को इस पौधे के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराना और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने राज्य शासन की ओर से कोनोकार्पस पौधे के नए पौधरोपण पर लगाए गए प्रतिबंध की जानकारी साझा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक और विद्यार्थी होने के नाते वे समाज के अन्य लोगों और अपने आसपास के परिवेश में इस प्रतिबंध के कारणों के प्रति जागरूकता फैलाएं। वनस्पति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ इन्दु कौशल ने अपने व्याख्यान में कोनोकार्पस पौधे के लाभदायक और विशेषकर हानिकारक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कोनोकार्पस मूल रूप से एक विदेशी पौधा है, जिसे शुरुआत में तेजी से हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से भारत लाया और लगाया गया था। वैज्ञानिक अध्ययनों और क्षेत्रीय स्तर पर किए गए अवलोकनों से इसके अत्यंत आक्रामक प्रवृत्ति की पुष्टि हुई है। इस जागरूकता कार्यक्रम के मध्य में एक ऑनलाइन क्विज का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया और विषय से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों को समझा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह में नुक्कड़ नाटक से दिया ईमानदारी का संदेश



सीपत। एनटीपीसी सीपत द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 28 अक्टूबर को बिलासपुर स्थित रामा मैग्नेटो मॉल में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। बाल भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से लोगों को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार से दूर रहने का संदेश दिया।

- भ्रष्टाचार के खिलाफ किया जागरूक

अधिक से अधिक लोगों तक सतर्कता का संदेश पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उल्लेखनीय है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह सत्यनिष्ठा से समृद्धि थीम पर 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एनटीपीसी सीपत द्वारा बाल भारती पब्लिक स्कूल में क्विज एवं ड्राइंग प्रतियोगिताओं, परियोजना प्रभावित क्षेत्र के आसपास के स्कूलों में सतर्कता संबंधी प्रतियोगिताओं तथा ग्राम पंचायत कर्रा में ग्रामसभा का आयोजन भी किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोगों को सतर्कता के प्रति जागरूक किया जा सके।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)
क्र./1145/अ.वि.अ./वा-1/2026
तखतपुर, दिनांक 20.10.2026

ईश्तहार

आवेदक मे. अखिलेश अग्रवाल पिता श्री पुरुषोत्तम प्रसाद सुल्तानिया निवासी शांति कुंज शारदा नगर श्रीकांत वर्मा मार्ग तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. ने पंचायत राज अधिनियम के तहत बने कालोनाईजर के रजिस्ट्रेशन नियम के तहत ग्राम पंचायत बिनौरी क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 27/1, 27/2, 27/3, 357/5, 372/3, 374/3, 376, 377/2, 377/3, 378, 381/2, 383, 384, 395, 396, 409, 357/4, रकबा क्रमशः 0.1490, 0.1620, 0.3850, 0.0750, 0.0890, 0.1360, 0.0810, 0.0610, 0.3480, 0.0930, 0.1190, 0.4570, 0.0930, 0.0970, 0.0810, 0.0790, हे. भूमि पर कालोनाईजर के रूप में रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन पत्र दिया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मैं अपने कार्यार्थी रामकुमार मिश्रा आत्मज स्व. गुंजारीलाल मिश्रा निवासी कुकुसदा से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की सूचना प्रेषित करता हूँ कि मेरे कार्यार्थी के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम कुकुसदा प.ह.नं 12 तहसील पथरिया जिला मुंगेली मे ख.नं. 735 रकबा 0.1650 हेक्टे. भूमि राजस्व अभिलेख मे मेरे कार्यार्थी के पुत्र रीतेश कुमार मिश्रा आत्मज श्री रामकुमार के नाम पर दर्ज चला आ रहा है किंतु उक्त भूमि मेरे कार्यार्थी रामकुमार मिश्रा की पैतृक एवं हिस्सा बंटवारा की भूमि है, जिस पर मेरे कार्यार्थी द्वारा उद्यान लगाकर साधना एवं ध्यान केंद्र हेतु मकान बनाकर निवासरत है।

उपर्युक्त भूमि के राजस्व अभिलेख में रीतेश मिश्रा का नाम दर्ज होने का अनुचित फायदा उठाते हुए किसी अन्य व्यक्ति के पास विक्रय करने का मेरे कार्यार्थी को लगातार धमकी दे रहा है। इस कारण मेरे कार्यार्थी द्वारा वादभूमि के संबंध मे स्वत्व की घोषणा एवं निषेधाज्ञा हेतु वाद संस्थित करने के लिये बाध्य व विवश है। इस कारण कोई भी व्यक्ति या संस्था, निगम, निकाय उपर्युक्त वर्णित भूमि के संबंध में रीतेश कुमार मिश्रा से कोई भी संव्यवहार जैसे विक्रयपत्र, दानपत्र पट्टा रहन–गहन आदि से के संबंध में न करे। यदि इस सूचना प्रकाशन बाद भी कोई भी व्यक्ति संव्यवहार करेगा स्वयं जिम्मेदार होगा।

दिनांक 28.10.26

भवदीय
आदित्यराज सिंह क्षत्रिय अधिवक्ता,
पकरिया रोड गुलजार नगर तखतपुर
मो. 81099 39479

न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार महोदय,
तखतपुर जिला बिलासपुर छ0ग0
रा.प्र.क्र. /अ-27/2026-27
सुनवाई तिथि 12/11/2026 ग्राम पुरेना
प.ह.नं. 11 तहसील तखतपुर
// सूचना //
नंदनी ठाकुर **विरूद्ध** देवसिंह वगै.
प्रति,
तनु पति संग्राम सिंह जाति ठाकुर निवासी देवरीखुर्द, लालखदान, आटा चक्की के पास (दारूभट्ठी के पास) बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

एतद द्वारा आवेदिका नंदनी ठाकुर पिता बुल्लूसिंह पति टीकमसिंह जाति ठाकुर निवासी ग्राम लिंगियाडीह बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा ग्राम पुरेना प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. बेलपान तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. मे भूमि खसरा नं. 301/6 रकबा 0.7090 हे. मे आवेदिका नंदनी ठाकुर तथा अनावेदकगण क्र. 01 से 07 के मध्य 1/5 भाग मे खाता विभाजन किये जाने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त खाता विभाजन के संबंध मे मेरे न्यायालय मे दिनांक 12/11/2026 को दिन 10.30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जाएगा।

आज दिनांक 28/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तखतपुर

''आम सूचना''

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने आसामी मुरित राम ध्रुव पिता अर्जुन ध्रुव, निवासी नया तालाब के पास मोपका बिलासपुर, तहसील व, जिला बिलासपुर, राज्य छ. ग. वाले से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रमाणित करता हूँ कि मौजा मोपका, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. मोपका, तहसील व, जिला बिलासपुर, राज्य छ. ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 490/2 रकबा 25 डिसमिल है, जो कि प्रकाश सिंह ठाकुर, पिता वजन सिंह ठाकुर, निवासी साई मंदिर के पास भगनि, निविदिता छात्रावास के पास डगनिया रायपुर, तहसील व, जिला रायपुर, राज्य छ. ग. के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त भूमि को मेरे आसामी ने क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है। अगर किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक / निजी निकाय को किसी प्रकार से कोई आपत्ति है तो 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि निकलने के पश्चात किये जाने वाले आपत्ति मान्य नहीं होगी।

''सो सूचना जाने''
भवदीय,
वेदप्रकाश विश्वकर्मा (अधिवक्ता)
बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 7440850708,
9907444307

न्यायालय तहसीलदार बेलतरा,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना/समंस
क्र./क्यू/तह./रीडर/2026
बेलतरा, दिनांक 23.10.2026

प्रति,
प्रवेश शर्मा पिता स्व.नवल किशोर निवासी डगनिया तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर
विषय:–न्यायालयीन प्रकरण में उपस्थित होने की सूचना बाबत।
संदर्भ–इस न्यायालय का रा.प्र.क्र./20260 9075800001/अ-27

विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक शौर्यशक्ति शर्मा पिता नवल शर्मा अन्य 03 निवासी ग्राम डगनिया, तहसील बेलतरा द्वारा मौजा ग्राम डगनिया तहसील बेलतरा स्थित भूमि ख.नं. 931 रकबा 0.926, 1099/2 रकबा 0.073 हे., 1098 रकबा 0.105, 943/3 रकबा 0.150 हे., 1097 रकबा 0.081. 943/1 रकबा 0.247 हे. का बंटवारा किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में गुणदोष के आधार पर निराकरण हेतु आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है, जिसमें सुनवाई दिनांक 05.11.2026 को नियत है।

अतः आप दिनांक 05.11.2026 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जवाब/अपना पक्ष लिखित / मौखिक में रख सकते हैं, उक्त दिनांक को यदि आप अनुपस्थित रहें तो आपकी मौन स्वीकृति मानते हुए आप सभी के विरूद्ध एकपक्षकीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। जिसके लिए आप स्वतः जिम्मेदार होंगे।

आज दिनांक 23.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी।

तहसीलदार
बेलतरा

न्यायालय तहसीलदार बेलतरा,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना/समंस
क्र./क्यू/तह./रीडर/2026
बेलतरा, दिनांक 23.10.2026

प्रति,
प्रवेश शर्मा पिता स्व.नवल किशोर निवासी डगनिया तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर
विषय:–न्यायालयीन प्रकरण में उपस्थित होने की सूचना बाबत।
संदर्भ–इस न्यायालय का रा.प्र.क./ 202609075 800002/अ-27

विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक शौर्यशक्ति शर्मा पिता नवल शर्मा अन्य 03 निवासी ग्राम डगनिया, तहसील बेलतरा द्वारा मौजा ग्राम सेलर तहसील बेलतरा स्थित भूमि ख.नं. 190/1 रकबा 0.595 हे., 236/1 रकबा 2.913 हे., ख.नं. 237 रकबा 0.401 हे. का बंटवारा किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में गुणदोष के आधार पर निराकरण हेतु आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है, जिसमें सुनवाई दिनांक 05.11.2026 को नियत है।

अतः आप दिनांक 05.11.2026 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जवाब/अपना पक्ष लिखित / मौखिक में रख सकते हैं, उक्त दिनांक को यदि आप अनुपस्थित रहें तो आपकी मौन स्वीकृति मानते हुए आप सभी के विरूद्ध एकपक्षकीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। जिसके लिए आप स्वतः जिम्मेदार होंगे।

आज दिनांक 23.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी।

तहसीलदार
बेलतरा

न्यायालय नायब तहसीलदार बोदरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
-:: सूचना प्रकाशन ::-
क्रमांक 93/वा.ना.तह. बोदरी / 2026
बोदरी दिनांक 14/10/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामलखन दुबे पिता स्व. लक्ष्मी नारायण दुबे निवासी कड़ार तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा उपस्थित होकर लोक न्यास पंजीकरण के लिए छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 04 अंतर्गत ग्राम कड़ार म.नं. 01 प.ह.नं. 07 स्थित भूमि ख.नं. 258/1, 592 रकबा 0.5100, 0.3400 हे. एवं म.नं. 04 में स्थित भूमि खसरा नम्बर 223 रकबा 0.4170 हे. श्री शंकर जी महराज मंदिर सर्वराकार लक्ष्मी नारायण दुबे पिता हरदियाल के नाम पर दर्ज है जिसमे लक्ष्मी नारायण दुबे पिता हरदियाल का दिनांक 22/07/2025 को मृत्यु हो जाने के कारण उसके विधिक पुत्र रामलखन दुबे के नाम पर सर्वराकार जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्त


खबर संक्षेप

स्वर्णकार समाज ने मनाई आदि गुरु अजमीढ़ की जयंती



पेंड्रा। स्वर्णकार समाज के आदि गुरु महाराज श्री श्री 1008 श्री अजमीढ़ जी की जयंती के अवसर पर पेंड्रा में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वर्णकार समाज के महिला, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आदि गुरु महाराज के प्रति श्रद्धा एवं आस्था व्यक्त की। समारोह का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ। इसके बाद समारोह में शामिल समाज के सभी लोगों का पीतांबरी वस्त्र एवं माला पहनाकर आत्मीय स्वागत और सम्मान किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों की कड़ी में विधि-विधान से हवन संपन्न कराया गया। समाज के लोगों ने आदि गुरु महाराज अजमीढ़ जी की आरती कर सुख, शांति, समृद्धि और समाज की उन्नति की कामना की। पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रमों के बाद सभी समाजजनों ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का सुंदर संगम देखने को मिला।

सारनाथ एक्सप्रेस में बिगड़ी बुजुर्ग की तबीयत, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया



पेंड्रा। रेलवे स्टेशन पेंड्रा रोड पर सारनाथ एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक अज्ञात बुजुर्ग यात्री की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। मृतक की उम्र लगभग 65 से 70 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और परिजनों की तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 28 अक्टूबर को पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर से सूचना मिलने पर ट्रेन नंबर 15160 सारनाथ एक्सप्रेस से तबीयत खराब होने के कारण उतारे गए बुजुर्ग को एंबुलेंस 108 की सहायता से शासकीय जिला अस्पताल गौरेला ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग की मौत किसी बीमारी के कारण होने की आशंका जताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी चौकी पेंड्रा रोड की पुलिस ने प्राथमिक जांच की और मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद मृतक के शव को सुरक्षित रूप से अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया है। मृतक की पहचान और उनके परिजनों का पता लगाने के लिए जीआरपी पुलिस प्रयास कर रही है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मृतक को पहचानता है या उनके परिजनों के संबंध में जानकारी रखता है, तो जीआरपी चौकी पेंड्रा रोड को संपर्क नंबरः 9993421962 पर सूचित करें।

सीएम ने डॉ विनय को उत्कृष्ट कृषक रत्न सम्मान से किया सम्मानित



मुंगेली। किसानों के उत्थान और कृषि शिक्षा को बढ़ावा देने के क्षेत्र में योगदान के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भवानी साव रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विनय गुप्ता को 'उत्कृष्ट कृषक रत्न सम्मान' से सम्मानित किया। ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2008 में मुंगेली में कृषि इंजीनियरिंग महाविद्यालय की स्थापना एवं कृषि शिक्षा के विस्तार के उद्देश्य से 30 एकड़ जमीन और 60 लाख रुपये का दान दिया गया था। ट्रस्ट की यह पहल जिले में कृषि आधारित तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जाती है। ग्राम चालान में स्थित दान की गई भूमि का उपयोग कृषि शिक्षा के विस्तार के लिए किया जा रहा है। इससे मुंगेली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को कृषि इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में मदद मिली है। भवानी साव रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट पूर्व से ही शिक्षा के विकास में योगदान दिया है। मुंगेली क्षेत्र में बी आर साव हायर सेकेंडरी स्कूल के लिये भवन निर्माण कराया गया और बाद में गर्ल हायर सेकेंडरी स्कूल भी प्रारंभ किया गया।

धर्म, प्रेम और करुणा का संदेश देती है भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं



सकरी। जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होती है, तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का अवतार संसार को प्रेम, करुणा, धर्म और सत्य का संदेश देता है। भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि प्रेम, निष्कपटता, वात्सल्य और भक्ति का संदेश भी देती हैं, श्रीमद्भागवत महापुराण का श्रवण मनुष्य को सद्मार्ग पर चलने, अच्छे कर्म करने और ईश्वर के प्रति श्रद्धा बनाए रखने की प्रेरणा देता है। भागवत कथा के श्रवण से मन में सकारात्मक विचारों का संचार होता है तथा जीवन में धर्म, सेवा, सदाचार और मानवता के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है उक्त उद्गार स्व हिमांशु कश्यप की स्मृति में वीरेंद्र - कावेरी कश्यप के निवास में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण में आचार्य पं गौरव जोशी महामाया धाम नगोई वाले ने भागवत भक्तों से कही उन्होंने कथा में कृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीलाओं और भागवत महात्म्य का वर्णन किया। आयोजन को सफल बनाने निर्मला रामचंद्र कश्यप, ईश्वरी सुरेंद्र कश्यप, झरोखा उमेश कश्यप, अवधेश कश्यप, प्रिया उदय कश्यप, मोतीलाल कश्यप, राजाराम कश्यप, कीरित राम कश्यप, उमाशंकर कश्यप, तुलसी कश्यप, रविशंकर कश्यप, अरुण कश्यप, सुभाष कश्यप, जागेश्वर कश्यप, जयंत कश्यप सहित परिवारिकजन जुटे हुए है।

मौसम खराब होने के कारण बादलों में ओझल रहा चांद, चंद्रोदय के समय पर की पूजा

सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत, पति की लंबी उम्र की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



पति की दीर्घायु और सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ व्रत रखकर माता करवा और भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। महिलाएं नए परिधान में सोलह श्रृंगार कर निर्जला व्रत रखकर विधि विधान से भगवान गणेश और माता करवा की पूजा अर्चना की। रात में चन्द्रमा के दर्शन कर अर्ध्य देकर व्रत का पारण करते हुए हुए पति के हाथो से पानी पिए , हालांकि गुरूवार को मौसम खराब होने के कारण चन्द्रमा बादलों से ओझल रहे।

महिलाओं ने हाथों में पूजा की थाली सजाकर चन्द्रमा का ध्यान कर पूजा अर्चना की। भारतीय संस्कृति में करवा चौथ दाम्पत्य, प्रेम, विश्वास, और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर निक्की अनिल सलूजा, दीपिका सलूजा, सोनी सलूजा, ममता सलूजा, अंजलि सलूजा, पूजा सलूजा, शुभी सलूजा, अनीशा सलूजा, रश्मि त सलूजा, पूजा नवीन सलूजा, निष्ठा सलूजा, रेविका सलूजा, चांदनी सलूजा, रितु सलूजा, सिमरन सलूजा, हेमलता खत्री, साक्षी सलूजा, गुड़िया छाबड़ा, मंजू सलूजा, डॉली बग्गा , सोनम सलूजा, रोमी सलूजा, पलक सलूजा, बिन्नी सलूजा, बीरी सलूजा, निक्की आनंद सलूजा, निक्की अमित सलूजा आदि उपस्थित थे।

जय महाकाल महिला समूह ने आयोजित की करवाचौथ पूजा



जरहागांव। नगर पंचायत बरेला में करवाचौथ का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर जय महाकाल महिला समूह के तत्वावधान में करवाचौथ पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य तथा परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार से सजी महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने करवाचौथ की परंपराओं का निर्वहन करते हुए व्रत कथा का श्रवण किया तथा धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना संपन्न की। करवाचौथ के दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और दांपत्य जीवन की सुख-शांति के लिए व्रत रखती हैं। यह पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास, समर्पण और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली की मंगलकामना की। चंद्रदर्शन के पश्चात चंद्रदेव को अर्घ्य अर्पित कर महिलाओं ने अपने पति के हाथों जल ग्रहण करके व्रत का पारण किया।

निर्जला व्रत रखकर की अखण्ड सौभाग्य की कामना



मुंगेली। नगर सहित अंचल में करवा चौथ का पर्व महिलाओं ने उत्साह पूर्वक मनाया। सुहागिनें अपने पति की लम्बी उम्र की कामना करते हुए दिनभर निर्जला व्रत रखी। अर्नब तूफान के चलते चांद छिपा रहा। चन्द्रोदय के समय पूजा अर्चना और साज श्रृंगार कर महिलाओं ने व्रत सम्पन्न की। आस्था और विश्वास का प्रतीक माने जाने वाले इस पर्व को महिलाओं ने दिन भर निर्जला उपवास रख रात्रि में पूजा अर्चना कर अपने व्रत पूर्ण की। सुहागिन महिलाएं अखण्ड सौभाग्य की कामना कर करवा चौथ का पूजा अर्चना करती रही। महिलाएं सुबह से ही पर्व की तैयारियां करती रही। हाथों में मेहंदी व पूर्ण साज श्रृंगार कर रात में चांद निकलने का इंतजार करती रही। अर्नब तूफान एवं रिमझिम बारिश के चलते कई घरों में महिलाएं चांद के दीदार के लिए देर रात तक बालकनी पर खड़ी होकर आसमान की ओर नजरें टिकाएं रहीं। चन्द्रोदय के निर्धारित समय पर करवा चौथ की पूजा अर्चना कर व्रत खोली।

पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



तखतपुर। करवा चौथ का पर्व गुरुवार को क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया, लेकिन अर्नब तूफान के प्रभाव से हुई लगातार बारिश ने व्रती महिलाओं की प्रतीक्षा बढ़ा दी। देर रात से शुरू हुई बारिश दिनभर जारी रही और आसमान में बादल छाए रहने के कारण महिलाओं को चंद्रमा के दर्शन नहीं हो सके। ऐसे में कई महिलाओं ने परंपरा और आस्था के अनुरूप चंद्रमा का चित्र बनाकर विधि-विधान से पूजन किया तथा अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर शाम को पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने पूजा की थाली सजाई, करवा माता की कथा सुनी और परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। दिनभर महिलाओं को चांद निकलने का इंतजार रहा, लेकिन मौसम खराब होने और लगातार बारिश के कारण चंद्र दर्शन संभव नहीं हो सके। चंद्रमा दिखाई नहीं देने पर महिलाओं ने निराश होने के बजाय श्रद्धा और विश्वास के साथ वैकल्पिक व्यवस्था अपनाई। कई महिलाओं ने घरों में चंद्रमा का चित्र बनाकर उसे प्रतीकात्मक रूप से स्थापित किया और दीप, धूप, अक्षत, रोली तथा पूजन सामग्री के साथ पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मौसम की प्रतिकूलता के बावजूद महिलाओं की आस्था और उत्साह में कमी रही। पंडित जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि करवा चौथ का पर्व पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास, समर्पण और दांपत्य जीवन की मंगलकामना का प्रतीक है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए व्रत रखती हैं। उन्होने कहा कि यदि चंद्रमा के दर्शन नहीं हो पाते हैं, तो महिलाएं चंद्रमा का चित्र बनाकर श्रद्धापूर्वक पूजन कर सकती हैं।

सत्र न्यायालय ने खारिज किया निचली अदालत का फैसला

मुंगेली। नेवासपुर में नाबालिग हत्याकांड से जुड़े मामले में न्यायिक रिमांड को लेकर महत्वपूर्ण न्यायालयीन घटनाक्रम सामने आया है। प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की अदालत ने राज्य शासन की ओर से दायर आपराधिक पुनरीक्षण याचिका स्वीकार करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पूर्व आदेश को निरस्त कर दिया है। अदालत ने दोनों आरोपियों को 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुंगेली के समक्ष अग्रिम कार्रवाई हेतु उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

न्यायालयीन दस्तावेज के अनुसार, सिटी कोतवाली मुंगेली में दर्ज अपराध के तहत भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 103, 238 और 3(5) में मामला दर्ज है। प्रकरण में अजीत घृतलहरे, पिता शिवकुमार घृतलहरे, उम्र 22 वर्ष और साहिल खांडे, पिता दिलीप खांडे, उम्र 20 वर्ष को उत्तरवादी बनाया गया। दोनों ग्राम लिलवाकापा, थाना सिटी कोतवाली, जिला मुंगेली के निवासी



बताए गए हैं। आदेश में दर्ज विवरण के मुताबिक, 20 अक्टूबर की रात लगभग 12 बजे उत्तम मोहले के नाती रणवीर मोहले ने उन्हें बताया कि नाबालिग अपने बिस्तर पर अचेत अवस्था में पड़ी है और आवाज देने पर भी प्रतिक्रिया नहीं दे रही है। इस मामले में पुलिस की कार्रवाई के बाद आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया को लेकर कानूनी विवाद सामने आया। मामले में आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजने के लिए पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। निचली अदालत ने गिरफ्तारी से संबंधित कानूनी प्रक्रिया और आवश्यक सूचनाओं के लिखित अनुपालन के मुद्दे पर आपत्ति कर रिमांड को निरस्त किया। इसके बाद न्यायिक रिमांड का आवेदन स्वीकार नहीं किया गया और आरोपियों को व्यक्तिगत मुचलके पर छोड़े जाने का आदेश दिया गया। राज्य शासन ने निचली अदालत के इस आदेश को चुनौती देते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 440 के तहत आपराधिक पुनरीक्षण याचिका क्रमांक 46/26 दायर की। पुनरीक्षण न्यायालय के समक्ष यह प्रश्न था कि चुनौती दिया गया आदेश कानून और उपलब्ध तथ्यों के अनुरूप है या नहीं। न्यायालयीन आदेश के अनुसार, राज्य शासन की ओर से लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर एवं जिला लोक अभियोजन अधिकारी जइता सिंह ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान गिरफ्तारी के आधार की लिखित जानकारी और संबंधित कानूनी प्रक्रिया के पालन का मुद्दा उठाया गया।

मतदाताओं को दें अपील व सुधार का पर्याप्त समय

मुंगेली। जिले में भी पत्रकार वार्ता रेस्ट हाउस में जिला स्तरीय प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित की गई। जिसमें एआईसीसी पर्यवेक्षक शरद अहेर सहित भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व वन मंत्री मो अकबर, पीसीसी पर्यवेक्षक हितेंद्र ठाकुर, जिलाध्यक्ष धनश्याम वर्मा उपस्थित रहें।

इस अवसर पर एआईसीसी पर्यवेक्षक शरद अहेर ने कहा कि मतदाता सूची की पारदर्शिता, मतदाताओं के नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया तथा निर्वाचन आयोग की जवाबदेही जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। भिलाई विधायक देवेंद यादव ने लोकतंत्र बचाने कि जो मुहीम चल रही हैं, उसमे बड़ी संख्या में भाग लेने का आवाहन किया हैं। वही अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने मतदाता सूची से नाम हटाने और जोड़ने के संबंध में विस्तृत



डिजिटल आंकड़े सार्वजनिक करने, राजनीतिक दलों को सत्यापन योग्य रिकार्ड उपलब्ध कराने तथा प्रभावित मतदाताओं को अपील और सुधार का पर्याप्त अवसर देने की मांग की है। इस दौरान थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, चंद्रभान बारमते, चुरावन मंगेश्कर, हेमेन्द्र गोस्वामी, रोहित शुक्ला, दिलीप बंजारा, श्रीनिवास ठाकुर, दीपक गुप्ता, मुकेश मीरी, तारीणी विश्वकर्मा, रघुराज सिंह, राम स्वरूप श्याम, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, लक्ष्मीकांत भास्कर, एजाज खोखर, मनिष त्रिपाठी, नरेश पाटले, जागेश्वरी वर्मा, मायारानी, अनिता विश्वकर्मा, पवन अग्रवाल, अरविंद वैष्णव, राजेश छैदहिया, रामजी धुरव, आनंद सोनी, अभिलाष जायसवाल, ग्वाल दास अनंत, नेहरू साहू, आकाश वैष्णव, संजय कुर्रे, संजय जायसवाल, लक्की गर्ग, इंद्रजीत कुर्रे, सूरज यादव, असद खोखर, कौशल सिंह, क्षत्रिय सहित अन्य मौजूद थे।

डबरी पारा तालाब का होगा कायाकल्प किनारों पर पाथवे, बेंच और बनेंगे घाट

लोरमी। सुबह-शाम टहलने के लिए तालाब किनारे पाथवे, बैठने के लिए बेंच, लोगों की सुविधा के लिए तीन घाट और परिसर में बेहतर रोशनी के लिए स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाओं का यह सपना जल्द पूरा होने जा रहा है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की पहल पर लोरमी के डबरी पारा तालाब के जीर्णोद्धार से नागरिकों को शीघ्र ये सुविधाएं मिलेंगी।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा इसके लिए दो करोड़ 57 लाख 62 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। इस राशि से तालाब की सफाई और गहरीकरण के साथ पानी की गुणवत्ता सुधारने तथा बारिश व अतिरिक्त पानी की सुरक्षित निकासी के कार्य किए जाएंगे। मिशन अमृत 2.0 के तहत डबरी पारा तालाब की सफाई और पुनर्जीवन के साथ बेहतर जल निकासी, जल गुणवत्ता सुधार, हरियाली, प्रकाश व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं का विकास कर पूरे परिसर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाया जाएगा। तालाब का कुल परियोजना क्षेत्र 7 हजार 26 वर्गमीटर है, जिसमें 4 हजार 615 वर्गमीटर जल क्षेत्र शामिल है। डबरी पारा तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के कार्य को 9 महीनों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि डबरी पारा तालाब का जीर्णोद्धार नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

आज आएगी किसानो के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 24 वीं किश्त

मुंगेली। किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने और कृषि कार्यों में सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 30 अक्टूबर को 24वीं किश्त की राशि किसानों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के बनासकांठा से इस राशि का हस्तांतरण करेंगे। इस अवसर पर जिले के 86 हजार 231 पात्र कृषकों के खातों में कुल 17 करोड़ 70 लाख रुपये की राशि अंतरित की जाएगी। इससे जिले के हजारों किसान परिवारों को आर्थिक सहायता मिलेगी। कृषि विभाग के उपसंचाचलक ने बताया कि 24वीं किश्त के हस्तांतरण के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, चमारी ढकेलकापा में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुबह 10 बजे से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें लाभार्थी किसान प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से जुड़ सकेंगे। जिले के सभी विकासखंडों में प्रधानमंत्री कृषि समृद्धि केंद्रों के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किसानों को दिखाया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत स्तर पर मैदानी अमले द्वारा भी कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था की जाएगी।

सड़क किनारे पाइपलाइन बिछाने के लिए किया गया संयुक्त निरीक्षण



लोरमी। ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खुड़िया मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इसके परिपालन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक प्रक्रियाओं को गति देने लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगर पालिका लोरमी के अधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग की सड़क के किनारे पाइपलाइन बिछाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के संबंध में संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे पाइपलाइन बिछाने से जुड़े आवश्यक तकनीकी एवं

2 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बनेगा सामाजिक भवन

परशुराम भवन में सर्व ब्राह्मण समाज ने किया भूमिपूजन

चकरभाठा। नगर पालिका बोदरी के वार्ड क्रमांक 05 स्थित भगवान श्री परशुराम भवन प्रांगण में समग्र ब्राह्मण समाज बिल्हा-बोदरी परिक्षेत्र द्वारा प्रस्तावित सामाजिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन 28 अक्टूबर को शाम 4 बजे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। लगभग 2 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस सामाजिक भवन के निर्माण में समाज के लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर सहयोग किया जा रहा है। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने भवन निर्माण के लिए अपनी विधायक निधि से 23 लाख रुपये प्रदान किए हैं। इस सामाजिक भवन की विशेषता यह है कि ब्राह्मण समाज के लोग अपने माता-पिता एवं पूर्वजों की स्मृति में एक-एक कमरे का निर्माण करा रहे हैं। वहीं,



विप्रजनों एवं मातृ शक्तियों द्वारा स्वेच्छा से भवन निर्माण सामग्री और नगद राशि देकर सहयोग किया जा रहा है। यह पहल समाज की एकजुटता, सेवा भावना और पूर्वजों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम की शुरुआत ब्राह्मण समाज की मातृ शक्तियों द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं राम भजन से की गई। इसके बाद विधायक धरमलाल कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आचार्य दिनेश दुबे, दीपक पांडेय, सुशील पांडेय एवं कामता उपाध्याय सहित अन्य आचार्यों द्वारा विधि-विधान से भूमि पूजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व जिला कृषि मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, परशु सेना प्रमुख विनय शर्मा, समाजसेवी पंडित राजेश त्रिवेदी, पंडित दिनेश पांडेय, पंडित बाबा दुबे, नगर पालिका बोदरी अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय वर्मा, उपाध्यक्ष शिमला सुनील वर्मा, पेंगन वर्मा, लव श्रीवास, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप मिश्रा, सुरेश देवांगन, फिरतू बनवारे, विष्णु साहू, लक्ष्मी नारायण मरावी, बलदेव गिरी गोस्वामी, आशीष खत्री, श्याम आर्य, योगेश चौहान, सुरेश केंवट, रोहित साहू, घासी राम श्रीवास एवं सुनील वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

चेक बाउंस से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष लोक अदालत 21 नवंबर को

मुंगेली। आमजन को सुलभ, त्वरित एवं कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 21 नवंबर को परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के अंतर्गत चेक बाउंस से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुंगेली के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय मुंगेली एवं व्यवहार न्यायालय लोरमी में किया जाएगा।

विशेष लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित धारा 138 के प्रकरणों का आपसी सहमति एवं विधि के अनुरूप निराकरण करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही ऐसे प्री–लिटिगेशन प्रकरण, जो अभी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उन्हें भी विशेष लोक अदालत में निराकरण के लिए प्रस्तुत किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुंगेली द्वारा संबंधित पक्षकारों तथा जिले के बैंकों के अधिकारियों से अपील की गई है कि वे धारा 138 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण तथा प्री–लिटिगेशन मामलों को विशेष लोक अदालत में प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक पहल करें। इच्छुक पक्षकार एवं संबंधित बैंक अधिकारी अपने प्रकरणों को यथाशीघ्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुंगेली अथवा व्यवहार न्यायालय, लोरमी में प्रस्तुत कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

मालवाहक की टक्कर से हवलदार घायल

बिलासपुर। ड्यूटी पर जा रहे बाइक सवार हवलदार को मालवाहक वाहन के चालक ने



तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में हवलदार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। कोनी निवासी धनसुसाय पैकरा हिर्री थाना में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। गुरूवार की सुबह 11.30 बजे वे घर से बाइक क्रमांक सीजी 14 बी, 3296 से ड्यूटी पर थाने जा रहे थे। छतौना मोड़ के पास सामने से आ रहे मालवाहक वाहन के चालक ने तेज गति से चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में श्री पैकरा के सिर में चोट आई है और एक पैर की हड्डी फ्रैक्चर हो गई है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर चकरभाठा पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल हवलदार को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। चकरभाठा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

इंश्योरेंश प्लान पूछने के बहाने युवती से अनाचार

बिलासपुर। इंश्योरेंश प्लान पूछने के बहाने एजेंट ने युवती को लाज



में ले जाकर अनाचार किया। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर टीआई शनिप रात्रे ने बताया, प्राइवेट इंश्योरेंश में प्लान एजेंट का काम करने वाली युवती पिछले दिनों बाहर जाने के लिए रेपिडो बुक की। गाड़ी में बैठकर युवती उसलापुर रेलवे स्टेशन गई। बातचीत के दौरान रेपिडो चालक अभिषेक सलूजा ने युवती पूछा क्या काम करती है। उसने बताया कि वह प्राइवेट बैंक में इंश्योरेंश प्लान बताने काम करती है। चालक ने कहा उन्हें भी बता दो पंसद आ गया तो वह वह भी ले लेगा। ट्रेन आने पर युवती उसे अपना कार्ड देकर चली गई। 28 अक्टूबर को रेपिडो चालक ने उसे फोन किया। युवती ने उसे व्यापार विहार बुलाया। चालक व्यापार विहार जाकर कहा रेस्टोरेंट चलते हैं। रेस्टोरेंट में नाश्ता कराने के बाद वह युवती को प्लान बताने के लिए पुराना बस स्टैण्ड स्थित शिवम लाज लेकर गया और वहां अनाचार कर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर रेपिडो चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

युवक पर चाकू से हमला सिम्स में भर्ती

बिलासपुर। शराब दुकान में विवाद होने पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सिम्स से मिली जानकारी के अनुसार, घुरू अमेरी निवासी मुकेश सूर्यवंशी पिता रामायण सूर्यवंशी दो दोस्तों के साथ सिरगिट्टी सेक्टर डी शराब दुकान गए थे। वहां किसी बात को लेकर मुकेश का एक युवक से विवाद हो गया, जिससे युवक पर मुकेश पर चाकू से हमला कर दिया गया है। दोस्तों के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सूचना पर सिरगिट्टी पुलिस घटना के संबंध में पतासाजी करने में लगी हुई है।



पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण अरपा में आया पानी।

मौसम विभाग ने जारी किया आरेंज अलर्ट, 50 किमी की रफ्तार से चल रही है हवा

'अर्नब' के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आंध्रप्रदेश से प्रदेश में दाखिल हुए अर्नब चक्रवात ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है, बिलासपुर में पिछले 24 घंटे से अधिक बारिश हो चुकी है।

हालत यह है कि इस दौरान 47 मिमी बारिश दर्ज की गई है, वहीं अधिकतम तापमान में 7 से 8 डिग्री की कमी हो चुकी है, जिसके चलते लोगों को ठंड का अहसास हो रहा है।

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय मौसमी हलचल अब बड़े चक्रवाती संकट का रूप ले रही है, इस दौरान पूर्व-मध्य एवं उससे सटे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी पर स्थित अवदाब तेजी से गहन होकर प्रचंड चक्रवाती तूफान में बदलकर जिले सहित प्रदेश के कई हिस्से में बारिश कर रही है, यही कारण है कि किसानों के माथे पर बल पड़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा उत्तरी छत्तीसगढ़ यानी बिलासपुर और सरगुजा संभाग में इसका असर देखने को मिलेगा। जहां मूसलाधार से अति भारी होने का अंदेशा बना हुआ है, मौसम विभाग ने बिलासपुर के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है।

धान की फसल को भारी नुकसान की आशंका

असमय हो रही बारिश ने किसानों को मुसीबत में डाल दिया है, दरअसल अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से ही धान की फसल कटने लगती है। अधिकांश जिलों में धान की फसल पक चुकी है और कई क्षेत्रों में कटाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। तेज आंधी और भारी बारिश से खेतों में खड़ी पकी फसल गिर सकती है, जिससे दानों के झड़ने और पानी में डूबकर खराब होने के बाद किसानों का बड़ा नुकसान होने का डर सताने लगा है। किसानों की आशंका है कि 15 नंवबर से धान खरीदी शुरू होने वाली है, ऐसे में बारिश में भीग चुके धान में नमी बढ़ेगी और किसानों को ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा है।



31 तक बना रहेगा असर: मौसम विभाग ने बिलासपुर समेत कई जिलों में अच्छी बारिश हो रही है, मौसम विभाग ने आरेंट अलर्ट जारी किया है, चक्रवात का असर 31 अक्टूबर तक रह सकता है, खास बात यह है कि इस दौरान तेज हवाओं के चलने के कारण लोगों को दिन में भी पंखा चलाना नहीं पड़ रही है, वहीं अनुमान है कि बारिश बंद होते ही ठंड की वापसी हो सकती है।

बिलासपुर से टाटानगर एक्सप्रेस के पहिए थमेंगे आज

चक्रवात अर्नब का असर दूसरे दिन भी ट्रेनों के परिचालन पर पड़ा। विशाखापट्टनम मंडल में ट्रैक पर जल भराव के कारण अचानक शुक्रवार को बिलासपुर से टाटानगर के बीच चलने वाली ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। वहीं बिलासपुर आने वाली हावड़ा और मुम्बई के साथ पुरी से आने वाली ट्रेनों की लेट लतीफी ने घंटो यात्रियों को परेशान किया। तूफान की वजह से शुक्रवार को भी ट्रेनों की लेट लतीफी घंटों बनी रही। दो दिन के तूफान को देखते हुए रेल प्रशासन ने पहले ही अलर्ट जारी करने के साथ यात्रियों को समय से पहले स्टेशन पहुंचने की अपील की, लेकिन टेनों की लेट लतीफी ने यात्रियों को हलाकान कर दिया। जानकारी के मुताबिक दक्षिण तटीय रेलवे विशाखापट्टनम मंडल के इक्छापुरम से झाड़ुपूडि स्टेशन के बीच ट्रैक में भारी जल भराव के कारण 30 अक्टूबर को बिलासपुर एवं टाटानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18114/18113 बिलासपुर-टाटानगर और टाटानगर से बिलासपुर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस को रद्द कर दी गई है। इसकी वजह से दोपहर 2 बजकर 55 मिनट पर आने वाली हावड़ा-पुणे एसी दूरंतो एक्सप्रेस रात 8 बजे के बाद 6 घंटे, शाम 4.50 बजे आने वाली 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी मुम्बई रात 9 बजे के बाद 5 घंटे लेट, दोपहर 2.15 बजे पुरी से आने वाली 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस रात 9 बजे के बाद 7 घंटे, शाम 5.45 बजे बिलासपुर आने वाली 68706 डोंगरगढ़-बिलासपुर मेमू रात 8.30 बजे के बाद 3 घंटे, शाम 5.30 बजे आने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस रात 10 बजे के बाद 4 घंटे से अधिक, रायगढ़ से बिलासपुर आने वाली 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू 5.45 बजे के बाद रात 10 बजे 4 घंटे से अधिक, 03254 चर्लपल्ली से पटना के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन 4.45 बजे के स्थान पर रात 10.30 बजे 6 घंटे, शाम 7.10 बजे आने वाली 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस रात 12 बजे के बाद 5 घंटे से अधिक, सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर आने वाली सीएसएमटी-हावड़ा जंक्शन दूरंतो एक्सप्रेस देर रात 1 बजे के बाद 16 घंटे से अधिक लेट रही।

बारिश में उसलापुर स्टेशन का प्लेटफार्म बदहाल, ट्रेन पकड़ने छतरी का सहारा

चक्रवात अर्नब के कारण दो दिन से लगातार बारिश से उसलापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म का हाल बदहाल हो गया है, जहां दोपहर से लेकर रात तक यात्रियों को पानी से बचने के लिए शेड की तलाश करने के साथ ट्रेन में अपने कोच तक जाने के लिए छतरी का सहारा लेना पड़ रहा है।

उसलापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक से अधिक गाड़ियों की आवाजाही प्लेटफार्म नम्बर 2 से हो रही है। इस प्लेटफार्म पर बिलासपुर से कटनी की ओर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस, रींवा एक्सप्रेस, चिरमिरी पैसेंजर, कटनी मेमू, पेण्ड्रारोड मेमू के अलावा गोंदिया, दुर्ग, रायपुर से उत्तर भारत की ओर जाने वाली संपर्कक्रांति, जम्मुतवी, गरीबरथ, नौतनवा, सारनाथ, अमरकंटक, हमसफर, अजमेर एक्सप्रेस और अन्य ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता है। इसकी वजह से प्लेटफार्म एक की तुलना में यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म दो पर अधिक रहती है। दोनों प्लेंटफार्म पर खाने-पीने के साथ अन्य सारी सुविधाएं तो दी गई है, लेकिन गर्मी के मौसम में धूप और बारिश के मौसम में पानी गिरने से बचाने के लिए शेड की व्यवस्था अभी भी आधी अधूरी है। करीब 50 मीटर की दूरी पर लगाए गए शेड में केवल तीन से चार स्लीपर कोच के यात्रियों को ही शेड की सुविधा मिलती है। जनरल कोच, एसी कोच के यात्रियों को अधिक किराया राशि देने के बाद भी बारिश में भींगकर ट्रेन पकड़ना पड़ मजबूरी बन गई है।

- राशि सेंक्शन होने के बाद भी नहीं हो रहा है दोनों प्लेटफार्म पर शेड का विस्तार



राशि हो चुकी है स्वीकृत

आदर्श रेलवे स्टेशन में सेकेंड फेस के कार्यो को करने के लिए रेलवे बोर्ड ने 24 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत कर ली है। इसमें शेड का विस्तार करने के अलावा सेकेंड एंट्री की ओर स्टेशन गेट, बुकिंग काउंटर, पार्किंग, लाइटिंग के साथ अन्य कार्यो को किया जाना है। जनवरी फरवरी में राशि स्वीकृत होने के बावजूद अब तक इन कार्यो की शुरुआत रेल प्रशासन की ओर से नहीं की जा रही है।

सेकेंड फेस में कार्य

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उसलापुर को डेवलपमेंट का कार्य किया जा रहा है। यहां शेड, सड़क के अलावा जो भी कार्य बचे हुए हैं, उन सभी कार्यो को सेकेंड फेस में करने की संभावना है।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

खाद्य विभाग की कार्रवाई, 418 किलो बताशा नष्ट, फर्म सील



बिलासपुर। दीपावली में जमकर बिकने वाली खाद्य सामाग्री बताशा में मिलावट और अमानक खाद्य पदार्थो के पाए जाने के बाद फूड विभाग ने चांटीडीह स्थित फर्म श्री राम कनफेक्शनरी पर छापामार कार्रवाई की और 28 कैरेट (418 किलो) बताशा नष्ट कर लिया है। विभाग के अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा नियमों का हवाला देते हुए फर्म में ताला लगा दिया है।

आगामी दीपावली त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावटखोरों और अमानक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध सख्त अभियान छेड़ा है। गुरूवार को चांटीडीह वार्ड क्रमांक 47 के फर्म श्री राम कनफेक्शनरी का औचक निरीक्षण किया गया।प्रोप्राइटर रामदास साहू को अस्वच्छ तरीके से खाद्य सामाग्री बनाने को लेकर फटकार लगाई। स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दशाओं में बताशा का निर्माण करने और खाद्य सुरक्षा मानकों के घोर उल्लंघन पर विभाग के अधिकारियों ने कड़ी कार्रवाई की है और 418 किलो बताशा जब्त कर नष्ट कर दिया है। वहीं फर्म में ताला जड़ दिया है। बताया जा रहा है कि बताशा का बाजार मुल्य करीब 27170 रूपए है। इस दौरान अभिहित अधिकारी आरआर देवांगन, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी खीरसागर पटेल,सुश्री अविषा मरावी,प्रतीक तिवारी मौजूद है। अभिहित अधिकारी ने कहा कि खाद्य त्यौहारी सीजन के दौरान आम नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने पर किसी भी संस्थान व व्यक्तियों को बचाया नहीं जाएगा। जिले में इस प्रकार की औचक निरीक्षण कार्रवाई जारी रहेगी।

परसदा फाटक पर चार कंपोजिट गर्डर लांचिंग

बिलासपुर। समपार परसदा फाटक पर रोड ओवरब्रिज निर्माण कार्य कें दौरान 500 टन क्षमता वाली क्रेन की सहायता से 36-36 मीटर के चार कंपोजिट गर्डर की सफल लांचिंग की गई है। जयरामनगर से गतौरा स्टेशन के बीच परसदा फाटक पर रोड ओवरब्रिज निर्माण कार्य प्रगति पर है। गर्डर की लांचिंग के लिए 500 टन क्षमता वाली क्रेनों का उपयोग किया गया। संपूर्ण लांचिंग कार्य दो ट्रैफिक ब्लॉक में प्रति 1 घंटे 30 मिनट की अवधि में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। लांचिंग के साथ ही इस रोड ओवरब्रिज निर्माण का एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हो गया है।

बिलासपुर से परिवर्तित की गई ओखा एक्सप्रेस

बिलासपुर। पश्चिम रेलवे राजकोट मंडल के जामवणथली-अलियावाड़ा सेक्शन के बीच चल रहे दोहरीकरण कार्य के तहत जामवणथली स्टेशन में ब्लॉक लेकर नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से 2 नवम्बर को बिलासपुर से रवाना होने वाली 22940 बिलासपुर-ओखा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया राजकोट, भक्तिनगर, वांसजालिया, कानालुस के रास्ते से ओखा स्टेशन तक चलाई जाएगी।

बारिश के बीच बिजली की आंख मिचौली, मेंटनेंस की खुली पोल

बिलासपुर। अचानक आई बारिश ने बिजली विभाग के शेड्यूल मेंटनेंस की पोल खोल दी है। कई क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को घंटों बिजली का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान एक बार फिर बिजली कर्मचारी और अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की शिकायतों को अनसूना किया और फ्यूज कॉल सेंटरों के कर्मचारी और उपभोक्ताओं के बीच कहासुली तक होती रही है। अर्नब चक्रवात के कारण जहां जनजीवन अस्त व्यस्त है वहीं बिजली ने लोगों को बेहाल कर दिया है, बार-बार बिजली बंद होने के कारण लोगों के सब्र का बांध टूटने लगा है, और कई फ्यूज कॉल सेंटरों में उपभोक्ताओं ने कर्मचारियों को जमकर खरीखोटी सुनाई है। बताया जा रहा है कि गोल बाजार क्षेत्र में गोड़पारा और मसाननगंज क्षेत्र में सुबह से 8 से 10 बिजली बंद होती रही, जिसके बाद कुछ उपभोक्ताओं ने श्याम टाकिज फ्यूज कॉल में जाकर शिकायत की और कर्मचारियों को व्यवस्था ठीक करने के लिए कहा है। इसके साथ ही तिकल नगर क्षेत्र के हनुमान मंदिर के पास स्थित ट्रांसफार्मर में गुरूवार शाम अचानक आग लग गई, जिसके चलते क्षेत्र की बिजली ठप रही। वहीं विनोबा नगर में सुबह से शाम तक कई बार बिजली बंद रही है।

मोबाइल के लिए तोड़ दी पाइप लाइन

बिलासपुर। सिम्स में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही एक छात्रा का डेढ़ लाख का मोबाइल टायलेट में गिर गया, मोबाइल ड्रेनेज के रास्ते पाइप में जा फंसा, इसके बाद सिम्स के कर्मचारियों ने पाइप लाइन को तोड़ कर मोबाइल को बरामद कर लिया है। सिम्स में अध्ययनरत नर्सिंग छात्रा पूजा कलवानी का मोबाइल टायलेट में गिर गया। मोबाइल डेढ़ लाख रूपए का था, ऐसे में उसे पाने के लिए छात्रा ने ऐड़ी चोटी का जोर लगाया लेकिन मोबाइल ड्रेनेज पाइप में जा फंसा, जिसके बाद सिम्स के कुछ कर्मचारियों ने मोबाइल निकालने की जुगाड़ बनाया लेकिन अंततः मोबाइल नहीं निकला। इसके बाद शाम होते-होते पाइप लाइन को तोड़ कर फोन निकल लिया गया है। खास बात यह है कि महज एक मोबाइल के लिए सिम्स के पाइप लाइन को ही तोड़ दिया गया।

25 हजार की रिश्वत लेने वाला पटवारी निलंबित

सोशल मीडिया में वायरल हुआ था लेनदेन का वीडियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बटवारा का एक प्रकरण सुलझाने के एवज में पक्षकार से रिश्वत की मांग करने एवं 25 हजार रूपए लेने के मामले में कलेक्टर ने पचपेड़ी तहसील अंतर्गत धुर्वाकारी हल्का में पदस्थ पटवारी ऋषिपुरी गोस्वामी को निलंबित कर दिया है। रिश्वत के लेनदेन के संबंध में बीते दिनों सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसकी जांच के बाद प्रकरण सही पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा निलंबन की कार्रवाई की गई है।



- कलेक्टर ने की कार्रवाई

बीते दिनों सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो में एक पटवारी व पक्षकार को एक बटवारा प्रकरण के निराकरण के एवज में आपसी लेनदेन करते दिखाया गया था। कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वायरल वीडियो की तसीलदार पचपेड़ी से जांच कराई गई थी। तहसीलदार द्वारा जांच के दौरान राजस्व संबंधी कामकाज के लिए रिश्वत मांगने एवं लेने की शिकायत सही पाई गई। कलेक्टर द्वारा जारी निलंबन आदेश के अनुसार पचपेड़ी तहसील के धुर्वाकारी में पदस्थ उक्त पटवारी ऋषिपुरी गोस्वामी के उक्त कृत्य से शासन की छवि धूमिल हुई है।

पटवारी का उपरोक्त कृत्य सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत है एवं गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिससे दोषी पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

निलंबन अवधि में पटवारी का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०)-कोटा निर्धारित किया जाता है। निलंबन की अवधि में मूलभूत नियम 53 के अंतर्गत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

5884 रेलवे स्टेशन पर रेल जन संवाद 31 से पहले पूरा

बिलासपुर। रेलवे ने स्वच्छता, स्क्रैप निपटान, ई कचरा प्रबंधन, लंबित मामलों के निपटान और प्रक्रिया सरलीकरण में महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ लंबित मामलों के निपटान के लिए विशेष अभियान में प्रमुख योगदान के साथ कई प्रमुख लक्ष्यों को पार कर लिया है। 22 अक्टूबर को 5884 रेलवे स्टेशन पर रेल जन संवाद का आयोजन किया गया। इसमें हितधारकों के साथ यात्रियों से भी चर्चा की गई। इस दौरान यात्रियों की ओर से दिए गए सुझाव पर जल्द निराकरण करने का आश्वासन भी दिया गया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

पटाखा दुकानों में सुरक्षा से समझौता नहीं शर्तों के उल्लंघन पर निरस्त होगा लाइसेंस

बिलासपुर। दीपावली पर्व के मद्देनजर पटाखा दुकानों में अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम और नागरिकों की सुरक्षा के लिए कमांडेंट होम गाइर्स एवं जिला अग्निशमन अधिकारी दीपांकुर नाथ ने सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जिले के सभी पटाखा दुकान संचालकों को इसका पालन करने के निर्देश दिए हैं। श्री नाथ ने कहा कि दुकानों का नियमित निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। निर्धारित शर्तों का पालन नहीं करने पर संबंधित दुकान का लाइसेंस निरस्त कर कार्रवाई की जाएगी। जारी निर्देशों के अनुसार पटाखा दुकानें रिहायशी क्षेत्रों अथवा बाजार के पास नहीं खोली जाएंगी। दुकानों का निर्माण कपड़ा, बांस, रस्सी और टेंट जैसी ज्वलनशील सामग्री से करने के बजाय अज्वलनशील टिन शेड से किया जाए तथा अग्निमंदक घोल से उपचारित किया जाए। दुकानों के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी रखी जाए और दुकानें एक-दूसरे के आमने-सामने नहीं बनाई जाएं। किसी भी पटाखा दुकान के 50 मीटर के दायरे में आतिशबाजी का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। प्रत्येक दुकान में पांच किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र रखना अनिवार्य है। इसके साथ ही दुकान के अंदर और बाहर अलग-अलग 100-100 लीटर पानी उपलब्ध रखा जाए। दुकानों के सामने बाइक और कार की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी।

दुकानों में रोशनी के लिए तेल अथवा गैस के लैम्प और खुली बिजली बत्ती का उपयोग नहीं किया जाए। विद्युत तारों के जोड़ खुले नहीं होने चाहिए। श्री नाथ ने दुकान परिसर में अग्निशमन विभाग और एम्बुलेंस के फोन नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने तथा अस्थायी संरचनाओं एवं पंडालों के निर्माण में निर्धारित भारतीय मानक का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

मार्क हॉस्पिटल में
उन्नत गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाएँ
पेट, लिवर एवं पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों की आधुनिक जाँच एवं विशेषज्ञ उपचार।
सभी रोगों का ईलाज
• पेट दर्द, एसिडिटी, कब्ज एवं पीलिया
• लिवर रोग, हेपेटाइटिस एवं पेट की टी.बी.
• पित्त की पथरी, हर्निया एवं अपेंडिक्स
अनुभवी चिकित्सक द्वारा अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपी, एंडोस्कोपी एवं पेट की सर्जरी
एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी की सुविधा उपलब्ध है।
MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
AdPRAYAS

online Booking:- www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 03 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411